माघ शुक्ल पक्ष-12, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 247 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
21 फरवरी 2024 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम



Page- 7

# दुनिया की पहली वैदिक घड़ी के शुरू होने का वक्त करीब!







**भोपाल/उज्जैन, दोपहर मेट्रो।**

उज्जैन के जंतर-मंतर टॉवर पर दुनिया की पहली अनोखी घड़ी के लोकार्पण का वक्त करीब है। इसके लिये भव्य टॉवर बनकर तैयार है। खास बात यह है कि यह घडी दुनिया की पहली वैदिक घड़ी है और इसे विक्रम संवत एप के जरिए से चलाया जाऐगा। इसका आकार लगभग 10 × 12 फीट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी एक मार्च को उज्जैन में वैदिक घड़ी का वर्चुअल लोकार्पण करने वाले हैं। यह दुनिया की पहली ऐसी डिजिटल वॉच है जो इंडियन स्टैंडर्ड टाइम (IST) और ग्रीनविच मीन टाइम (GMT) तो बताएगी ही, पंचांग और 30 मुहूर्त की भी जानकारी देगी। यह भी बताएगी कि सूर्योदय - सूर्यास्त से लेकर सूर्य और चंद्र ग्रहण कब होगा? इस घडी को उज्जैन में जंतर-मंतर पर 85 फीट ऊंचे टावर पर लगाया जा रहा है। यह घड़ी उज्जैन आने वाले पर्यटक और श्रद्धालु भी देख सकेंगे। उज्जैन में पंचांग और कैलेंडर विक्रम संवत के नाम से दुनिया भर में प्रकाशित होते हैं। कर्क रेखा भी यहीं से गुजरती है और यह मंगल ग्रह का जन्म स्थान भी है। ऐसे में इस स्थान का महत्व और भी बढ़ जाता है। इस घडी को बनाने में करीब डेढ करोड़ की लागत आई है।

## मोबाइल से भी घड़ी तक पहुंच सकेंगे देशभर के लोग

घड़ी की रीडिंग को एक मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से देखा जा सकता है और लोग अपने स्मार्टफोन और अन्य उपकरणों पर इसका आकलन कर सकते हैं। बताया जाता है कि वैदिक हिंदू पंचांग, मुहूर्त और ज्योतिषीय भविष्यवाणियों के बारे में सभी जानकारी एप्लिकेशन के माध्यम से उपलब्ध होगी। इसके अलावा, सूर्योदय से सूर्यास्त तक, ग्रहों की स्थिति, नक्षत्र, योग, भद्रा स्थिति, चंद्रमा की स्थिति, चौघड़िया, सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण से लेकर बहुत सारी जानकारी एप्लिकेशन पर उपलब्ध होगी। घड़ी दोनों तरफ 12 राशियों को प्रदर्शित करेगी और एक व्यापक कैलेंडर के रूप में काम करेगी।उज्जैन विक्रम अनुसंधान संस्थान के निदेशक श्रीराम तिवारी का कहना है कि वैदिक काल की गणना को यह घड़ी सटीकता से प्रदर्शित करेगी तथा यह अपने किस्म की पहली घड़ी होगी।

## शादी के कार्ड पर पीएम मोदी का नाम!




**उज्जैन , दोपहर मेट्रो।**

आगामी लोकसभा चुनाव का असर राजनीति से या विचारधारा से जुडे लोगों पर साफ नजर आने लगौ । दिलचस्प मामला उज्जैन मेंसामने आया है जहां पीएम नरेंद्र मोदी के एक प्रशंसक ने शादी के कार्ड पर उन्होंने पीएम मोदी का नाम छपवा दिया है। यह अब खूब वायरल हो रहा है। दरअसल इस व्यक्ति ने अपने बेटे की शादी के कार्ड में प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए लिखा है 'पिछली बार लहर थी अबकी बार सुनामी लाना है' । गौरतलब है कि हाल में पीएम ने भाजपा को चार सौ पार सीटों का नारा दिया है।

## रूस-यूक्रेन के बीच भारत करेगा मध्यस्थता? जयशंकर की चुप्पी

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संकेत दिए कि जरूरत पड़ने पर रूस और यूक्रेन के विवादों को सुलझाने के लिए भारत मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में भारत खुद से कोई कदम नहीं उठाने वाला है।

जर्मन अखबार को दिए साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा, फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन विवादों के बीच मध्यपूर्व में भारत के ऊर्जी आपूर्तिकर्ताओं ने पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति के लिए यूरोप को प्राथमिकता दी। यूरोप ने इन उत्पादों के बदले अधिक भुकतान किया। ऐसे में भारत को पास रूसी कच्चा तेल खरीदने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था।'जयशंकर ने कहा, 'भारत ने रूस के साथ अपने आर्थिक संबंधों का विस्तार किया है।

## शुभेंदु अधिकारी की डीजीपी को चुनौती

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में संदेशखाली हिंसा अब एक नया मोड़ ले लिया है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा एक सिख आईपीएस अधिकारी को खालिस्तानी कहने का मामला अब अदालत पहुंच चुका है। अपने ऊपर लगे आरोप पर अधिकारी ने एडीजी (पश्चिम बंगाल) को चुनौती दी कि वह अगले 24 घंटों के भीतर इस आरोप को साबित करें अन्यथा इसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'शुभेंदु अधिकारी ने अपने ऊपर लगे सिख पुलिस अधिकारी को खालीस्तानी कहने के आरोप को 24 घंटे के भीतर साबित करने के लिए एडीजी को चुनौती दी है। वरना ववह इसका परणाम भुगतने के लिए तैयार हो जाएं।

## आज का कार्टून




## सीमा पर तनाव, टकराव के हालात, ड्रोन से बरसे आंसू गैस के गोले

# किसानों ने बनाए खुद के टैंक दिल्ली में घुसने की जद्दोजहद

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

दिल्ली में आज किसान आंदोलन का निर्णायक सा दौर नजर आ रहा है। किसान दिल्ली में घुसने को आमदा है और पुलिस हर सूरत में इन्हें रोकने में जुटी है। ड्रोन से आंसू गैस के गोले दागे गये हैं। इस बीच सरकार ने फिर किसानों को पांचवे दौर की बातचीत का प्रस्ताव दिया तो किसानों ने कुछ समय दिल्ली कूच टालने की बात कही है। सीमा पर किसानों की पटियाला प्रशासन से बात चल रही है। किसान संगठनों के नेताओं ने किसानों से कहा कि फिलहाल अपने ट्रैक्टर बंद कर दें। नेता सिफे पैदल आगे जाने की बात कह रहे हैं। पंजाब-हरियाणा सीमा पर विरोध कर रहे किसानों ने केंद्र के तीन तरह की दालें, मक्का और कपास को पुराने एमएसपी पर खरीदने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

किसानों के पास अपने 'जुगाड़' से बने टैंक आदि हैं। इसके चलते पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर पर कई किलेबंदी और राष्ट्रीय राजधानी की ओर जाने वाले अन्य चेकपॉइंट्स के साथ किसानों के काफिले को रोकने लिए तैयारी की है। प्रशासन ने किसानों को रोकने के लिए कंक्रीट बैरियर, कांटेदार तार और बड़े शिपिंग कंटेनर लगाए हैं।



नाकेबंदी का सामना करने के लिए तैयार हैं और अपने सीमित संसाधनों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पुलिस का मानना है कि हरियाणा पुलिस शंभू बॉर्डर पर ही प्रदर्शनकारियों को रोक कर रखेगी। सुरक्षा ऐजेंसी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि प्रदर्शनकारियों को किसी मैदान का सशर्त प्रस्ताव दिया जा सकता है, जहां धरना प्रदर्शन कर सकते हैं। यह खाली जगह दिल्ली हरियाणा बॉर्डर या अन्य मैदान हो सकता है।



### किसानों के अजब इंतजाम

दिल्ली कूच करने में पुलिस की बैरिकेडिंग को तोड़ने के लिए किसानं की बड़ी-बड़ी पोकलेन मशीनें पहुंच गई हैं। इस पोकलेन मशीन को आंसू गैस के गोलों और रबर बुलेट से बचाने के लिए पूरे केबिन को लोहे की मोटी मोटी शीट्स के साथ कवर किया गया है। इस पर आंसू गैस के गोलों का भी कोई असर नहीं होगा। ऐसी और भी मशीनें पहुंच रही हैं। इसके साथ-साथ ट्रैक्टर को मॉडिफाई भी किया गया है जो आगे बढ़कर बैरिकेडिंग को तोड़ेंगे।

## 26 से कैलारस तक मेमू ट्रेन



**ग्वालियर, एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव से पहले ग्वालियर-श्योपुर ब्राडगेज परियोजना के अंतर्गत कैलारस तक मेमू ट्रेन संचालन के आसार 26 फरवरी से हैं। पीएम मोदी इस दिन देशभर की कई रेल परियोजनाओं सहित आइआइएम जैसे संस्थानों का वर्चुअली उद्घाटन करने जा रहे हैं। खबरों के मुताबिक झांसी मंडल के अधिकारियों को संदेश भेजा गया है कि वे तैयारियों को अंतिम रूप दें। इस दिन प्रधानमंत्री सिथौली से हेतमपुर के बीच नौ रेल फाटकों और श्योपुर परियोजना के अंतर्गत 40 रेल फाटकों का भी उद्घाटन करेंगे। माना जा रहा है कि मार्च के पहले सप्ताह में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग जाएगी। वहीं विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले प्रधानमंत्री ने अक्टूबर 2023 में ग्वालियर-श्योपुर ब्राडगेज परियोजना के अंतर्गत ग्वालियर से सुमावली तक मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी।

## भोपाल में ताज के सामने से पुरानी बस्ती का अतिक्रमण हटाना शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में होटल ताज के ठीक सामने से भदभदा झुग्गी बस्ती को हटाने की शुरूआत सुबह से हुई है। इस अतिक्रमण को हटाने के लिये नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची, बताया जाता है कि अब तक 26 लोग अपनी मर्जी से घर खाली कर जा चुके हैं। एजीटी के आदेश के बाद भदभदा बस्ती से 386 अतिक्रमण हटाए जाने हैं। कार्रवाई के पहले ही यहां कल मुनादी कराई गई थी। अमला अब यहां बने कच्चे-पक्के निर्माणों को ढहा रहा है। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए करीब एक हजार जवानों की



तैनाती है। बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग पर लोगों की आवाजाही रोक दी है। भदभदा सेतु से पहले पुलिस बैरिकेडिंग कर रास्ता बंद कर लिया है। कब्जाधारियों को वैकल्पिक जगह उपलब्ध कराने के निर्देश पहले ही दिये जा चुके हैं।

## राम मंदिर में हर माह करोड़ों का चढ़ावा, नोट गिनने लगानी पड़ी हाईटेक मशीनें

**अयोध्या।** भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद लगातार मंदिर में दान व चढावा राशि महीने में करोड़ों में पहुंच रही है। इसके मद्देनजर इसकी काउंटिंग के लिए हाई टेक मशीनों को लांच किया गया है। मंदिर ट्रस्ट कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता के मुताबिक महीने में औसत दान व चढावा की राशि करीब 4 करोड़ पहुंच गई है। जो रामनवमी तक और बढ सकती है।

ऐसे में दानराशि की मैनुअल गिनती बड़ी समस्या बनती जा रही है। काउंटिंग से जुड़े सूत्र के मुताबिक हाल ही में दो हाईटेक आटोमेटिक काउंटिंग मशीने नोटों की सार्टिंग व गिनती के लिए स्टेट बैंक ने मंदिर परिसर में लगाई है। बाक्स में चढ़ावा व दान में मिले 10, 20 , 50, 100, 200 व 500 रू के नोटों को एक साथ डाला जाता है। मशीन हर तरह के नोटों की अलग अलग 100 की गड्डियों में पैक कर बाहर निकालती हैं। अब मैनुअल काउंटिंग और नोटो की छंटाई मे लगने वाला लंबा समय कम हो गया है। बैंक के कर्मचारी व मंदिर ट्रस्ट के काउंटिंग प्रभारी की टीम इन नोंटो की गड्डियों को चेक करके बैंक में जमा करवा देतें है।




मेट्रो एंकर

## अमीन सयानी ने 92 साल की उम्र में हार्ट अटैक के बाद ली आखिरी सांस...

# रेडियो की आवाज का खामोश हो जाना...

**मुबंई, एजेंसी।**

हैलो बहनो-भाईयों...,इस खनकती आवाज से अभिवादन करने वाले अमीन सयानी को वो हैसियत मिली, जो आज तक किसी भी रेडियो एंकर को नहीं मिली,अब बहुत सारे रेडियो जॉकी,एंकर वगैरह हैं लेकिन अमीन सयानी ने जो मुकाम बनाया वह सही मायने में रेडियो के पहले और जीवनपर्यंत सुपरस्टार वाला है। बडे फिल्मी सितारे उनसे मुलाकात को तरसते थे और अपने लाइव शो में उनकी एंकरिंग के लिये एडीचोटी का जोर लगाते थे। इस नायाब आवाज के मालिक अमीन सयानी ने मुबंई में आखिरी सांस ली और रेडियो जगत से एक अनमोल मोती छिन गया। यह कुछ ऐसा है,मानो रेडियो बजते-बजते अचानक खामोश हो गया है। आवाज के जादूगर कहे जाने वाले दिग्गज रेडियो प्रेजेंटर अमीन सयानी 92 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर को उनके बेटे रजिल सयानी ने कंफर्म किया, सयानी को बीती रात हार्ट अटैक हुआ था, जिसके बाद उन्हें तुरंत ही एचएन रिलायंस हॉस्पिटल ले जाया गया। रास्ते में ही अमीन सयानी ने दम तोड़ दिया। अमीन सयानी का अंतिम संस्कार कल यानी 22 फरवरी को होगा, क्योंकि आज उनके कुछ रिश्तेदार उनके अंतिम दर्शन के लिए मुंबई आने वाले हैं। अमीन सयानी का जन्म 21 दिसंबर 1932 में मुंबई में हुआ था। अमीन सयानी ने रेडियो की दुनिया में बड़ा नाम कमाया। उनकी आवाज का जादू लोगों के दिल में घर कर लेता था। अमीन रेडियो प्रेजेंटर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत ऑल इंडिया रेडियो, मुंबई से की थी उनके भाई हामिद सयानी ने उन्हें यहां इंट्रोड्यूस कराया था। उन्होंने यहां 10 सालों तक इंग्लिश प्रोग्राम्स में पार्टिसिपेट किया. इसके बाद उन्होंने भारत में ऑल इंडिया रेडियो को लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई।



### कारवां के लिये दोबार बनी बिनाका गीतमाला

अमीन सयानी के जीवन में बिनाका गीतमाला नामक फिल्मी नग्मो का कार्यक्रम मील के पत्थर जैसा है। इसके प्रति दीवानगी का आलम यह था कि लोग सारे काम छोड़कर हर सप्ताह रात में इसे सुनने में जुट जाते थे। यह कार्यक्रम कई दशक चला। कुछ साल पहले सयानी ने इसी कार्यक्रम को नये सिरे से एक कंपनी के रेडियो के लिये कंपयेर किया है और इसमें करीब तीन दशक की यात्रा को समेटा है।

### 75 साल वकालत, सेक्युलर भारत की चाहत



देश के जानेमाने संविधान विशेषज्ञ और कानूनविद फली एस नरीमन का आज दिल्ली में निधन हो गया। वह 95 साल के थे। करीब 75 साल उन्होंने वकालत की प्रैक्टिस की थी इस दौरान कई बड़े मामले में वह पेश हुए थे। इंदिरा गांधी के शासन काल में वह अडिशनल सॉलिसिटर जनरल थे लेकिन इमरजेंसी लगाए जाने के कारण उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अपनी किताब में लिखा था कि वह सेक्युलर भारत में फले फुले और जीवन गुजारा और ऊपर वाले की कृपा से वह सेक्युलर भारत में ही अंतिम सांस लेना चाहेंगे।

### गिनती में मिले 1000 से अधिक नए गिद्धों की पहचान हुई

# प्रदेश में गिद्धों की संख्या 10 हजार के पार पहुंची

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**प्रदेश में गिद्धों का कुनबा 10 हजार से अधिक पहुंच गया है। हाल ही में हुई गणना में करीब 1000 नए गिद्धों की पहचान हुई है। ये पन्ना, छत्तरपुर, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, बैतूल, भोपाल समेत अन्य जिलों में मिले हैं। इस बात से अंदाजा लगाया जा रहा है कि गिद्धों के संरक्षण को लेकर किए जा रहे प्रयास रंग ला रहे हैं।**

हालांकि अभी यह फाइनल संख्या नहीं है, गणना के अंतिम आंकड़ें आने बाकी है। तब भी गिद्धों की गणना में लगे अधिकारी, कर्मचारियों ने साक्ष्यों के आधार पर बताया कि गिद्धों की संख्या उम्मीद से अधिक बढ़ी है यह मप्र के लिए अच्छा संकेत हैं।



#### 16 से 18 तक गिने तक गिद्ध

प्रदेश के 73 वन मंडलों, रिजर्वों व अन्य सामान्य क्षेत्रों में 16 से 18 फरवरी तक गिद्धों की गणना की गई थी। अधिकारियों के मुताबिक यह गणना एक साथ सुबह 6 बजे से शाम 8 बजे तक चली। करीब 1500 वन अमले ने बैठे हुए गिद्धों की संख्या और उनके साक्ष्यों को एकत्रित किया। वन विहार के डिप्टी डायरेक्टर सुनील कुमार सिन्हा का कहना है कि सभी वन मंडलों से जो प्राथमिक रिपोर्ट आई है, उसके अनुसार प्रत्येक मंडलों में गिद्धों की संख्या बढ़ी है इसलिए यह दावे के साथ कहा जा सकता है कि प्रदेश में किए गए संरक्षण के कामों के चलते गिद्धों का कुनबा बढ़ा है। बीते वर्ष गणना में 9444 गिद्ध मिले थे। तब यह संख्या बाकी प्रदेशों की तुलना में सर्वाधिक थी।

## सरकार ने हार्टफुलनेस संस्थान को दी 600 हेक्टेयर जमीन

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

- **जमीन पर पौधे लगाने और हरा भरा करने का दावा**
- **उप मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कराया गया समझौता**

सरकार ने प्रदेश की 600 एकड़ वन भूमि हार्टफुलनेस संस्थान को दे दी। दावा किया कि उक्त जमीन को हरा भरा बनाया जाएगा। यह जमीन अभी खराब वन वाली है इस पर गिने-चुने ही पेड़ है। उक्त संस्था वन भूमि को हरा-भरा करेगी। यह वन भूमि सतना जिले की है। वन विभाग, हार्टफुलनेस संस्थान और वन समितियों के बीच मंगलवार को त्रिस्तरीय समझौता हो चुका है।

सरकार ने दावा किया कि सतना जिले के तीन वन परिक्षेत्र में 9 ग्राम वन समितियां इस काम के लिए तैयार थी। यहां हार्टफुलनेस संस्थान 13 स्थलों में वन भूमि में पौधे लगाएगा। यह समझौता उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, हार्टफुलनेस संस्थान के संस्थापक पद्म भूषण कमलेश डी पटेल (दाजी) और संगीतकार समीर अंजान की मौजूदगी में किया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 में रीवा वन मंडल में मध्यप्रदेश वन विकास निगम को 9 हजार 464 हेक्टेयर बंजर भूमि दी है। इस पर पौधे लगाए जाने थे और इसे हरा-भरा करना था। अब तक 4 हजार 500 हेक्टेयर में ही पौधे लगाए गए। अब 367 हेक्टेयर क्षेत्र में 9 लाख 18 हजार पौधे लगाने की योजना है। सरकार की ओर से दावा किया गया कि हार्टफुलनेस संस्था बंजर वन भूमि पर हरियाली बढ़ाने के लिए काम कर रही है जो अब तक ओंकारेश्वर की पहाड़ी को व्यवस्थित करने, भोपाल में स्पोर्ट्स विलेज बनाने, डबरा की बंजर भूमि को विकसित करने का काम कर चुकी है।




**सब कुछ कंट्रोल में है!**

भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस के इलेक्शन वार रूम में प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह ने बैठक ली। यह कंट्रोल और रूम आईसीसी से सीधा जुड़ा हुआ है।

### दिसम्बर-2023 तक संपादित कार्यों के आधार पर तैयार की गई है रिपोर्ट

# आज जारी होगी जिलों की प्रारंभिक शिक्षा रिपोर्ट जारी, तय होगी रैंकिंग

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह बुधवार को जिलों की प्रारंभिक शिक्षा रिपोर्ट मंत्रालय वल्लभ भवन में आयोजित कार्यक्रम में जारी करेंगे। यह शैक्षिक रिपोर्ट दिसम्बर-2023 तक संपादित कार्यों के आधार पर तैयार की गई है। रिपोर्ट में विभागीय प्राथमिकताओं, योजनाओं के सुचारू संचालन और उपलब्धि के आधार पर जिलों को नंबर प्रदान किए जाएंगे। यह रिपोर्ट सभी जिलों के जिला परियोजना अधिकारियों के साथ ही जिला कलेक्टर्स और संभागीय आयुक्तों के मध्य भी साझा की जायेगी। उल्लेखनीय है कि राज्य शिक्षा केन्द्र स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर जिलों में संपादित किए जा रहे कार्यों के आधार पर जिलों की शैक्षिक रिपोर्ट तैयार की जाती है। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा पिछले दो वर्षों से इस प्रकार की शैक्षिक रिपोर्ट जारी की जाती रही है।

#### 39 सूचकांकों के आधार पर अंक निर्धारित

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर अनेक कार्य बिंदु निर्धारित किए गए हैं। इनमें कार्यों को सामने रख जिलों की रिपोर्ट और रैकिंग तैयार की गई है। इन कार्यों को मुख्यतः बच्चों के नामांकन एवं ठहराव, गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक उपलब्धियां, शिक्षकों का व्यवसायिक विकास, समानता, अधोसंरचना एवं भौतिक सुविधाएं, सुशासन प्रक्रियाएं और नव भारत साक्षरता कार्यक्रम जैसे 7 मुख्य भागों में बांटते हुए कुल 39 सूचकांकों के आधार पर अंक निर्धारित किए गए हैं। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में माह दिसम्बर-2023 तक प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश के सभी जिलों की रैकिंग तैयार कर जारी की जाएगी।

#### पटवारी भर्ती परीक्षा-2022

## अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन के लिए गठित हुई परीक्षण समिति

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

पटवारी भर्ती परीक्षा-2022 के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों की जिलेवार काउंसलिंग और दस्तावेजों के सत्यापन के लिए परीक्षण समिति गठित की गई है।

गठित समिति में तहसीलदार बैरागढ़ नरेन्द्र सिंह परमार अध्यक्ष, तहसीलदार हुजूर मुकेश राज एवं सहायक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल मुकेश शर्मा सदस्य बनाए गए हैं। गठित समिति नोडल अधिकारी पटवारी चयन परीक्षा 2022 जिला भोपाल के मार्गदर्शन में कार्य संपादित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## अतिथि शिक्षकों को मानदेय भुगतान के आदेश जारी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**डीपीआई ने आहरण संवितरण अधिकारियों को दिए निर्देश**

स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत अतिथि शिक्षकों को उनके मानदेय भुगतान के संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण ने पत्र लिखकर निर्देश जारी किए हैं। यह पत्र स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को लिखा गया है। कोषालय अधिकारियों द्वारा मिलान और परीक्षण कर ही केवल रिक्त पद के विरुद्ध ही विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के मानदेय का भुगतान किया जाएगा। मानदेय भुगतान के संबंध में वित्त विभाग ने आयुक्त लोक शिक्षण और संचालक कोष एवं लेखा को भी पत्र लिखकर इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं।

### एसजीएसआईटीएस की शासी निकाय की हुई बैठक

## मंत्री ने कहा- नियमों के अनुपालन में हो पारदर्शितापूर्ण क्रियान्वयन

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान एसजीएसआईटीएस, इंदौर की शासी निकाय की 125वीं बैठक हुई। मंत्री परमार ने प्रस्तावित कार्यसूची के विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक चर्चा कर शासन के नियमों का पालन करते हुए क्रियान्वयन के दिशा निर्देश दिए। परमार ने कहा कि राज्य शासन द्वारा निर्धारित नियम प्रक्रिया का शत-प्रतिशत पालन किया जाए और निकाय संबंधी कार्यों का पारदर्शितापूर्ण क्रियान्वयन हो। बैठक में अपर मुख्य सचिव तकनीकी शिक्षा मनु श्रीवास्तव, पद्मश्री डॉ डीबी फाटक, सचिव वित्त ज्ञानेश्वर बी. पाटिल, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुनील गुप्ता, एसजीएसआईटीएस इंदौर के निदेशक डॉ राकेश सक्सेना एवं यूजीसी द्वारा नामित प्रो. सुरेश कुमार सहित विभिन्न सदस्य उपस्थित थे।

#### शिक्षक भर्ती वर्ग-1 का रिजल्ट जारी

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2023 का संशोधित परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ग 1 के 8720 पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया था। एमपी वर्ग 1 रिजल्ट में ओबीसी आरक्षण विवाद के चलते 13 प्रतिशत पदों को होल्ड कर 87 फीसदी पदों को मुख्य भाग मानकर वर्गवार नतीजे जारी किए गए हैं।

## हनुमान चालीसा का पाठ करने से आत्मविश्वास में वृद्धि

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ का प्रारम्भ किया था। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रातः प्रार्थना के समय संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी सचिव बसंत चेलानीए समाज सेवी रामचन्द मूलचन्दानीए महानगर नागरिक बैंक के सीर्ण्ईण्ओण् प्रकाश आसुदानीए अशोक आडवानीए मोहित शेवानीए अशोक हिमथानी ने बच्चों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।



बसंत चेलानी ने जय श्री राम के उच्चारण के साथ कहा कि हमारे विद्यालय में लगभग 9 महीने से प्रत्येक मंगलवार हनुमान चालीसा का पाठ करते है अधिकतर विद्यार्थियों को हनुमान चालीसा कंठस्थ याद हो गई है। सुशील वासवानी ने कहा कि सबको पता है कि नए युग की शुरूआत हो गई जिसमें हनुमान चालीसा का बहुत महत्व है। हनुमान चालीसा का पाठ करने से आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और इसके अलावा भी कई लाभ होते है।

अन्य अतिथियों ने अपने विचार रखे। विद्यालय के प्राचार्य आरण् केण् मिश्राए उपप्राचार्या मीनल नरयानीए प्रधानाचार्या सुश्री मृदुला गौतम समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।

## प्राकृतिक चिकित्सा में साधक सीख रहे हमेशा स्वस्थ रहने की कला



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

**प्राकृतिक चिकित्सा आवासीय शिविर शुभारंभ**

आरोग्य केन्द्र द्वारा आयोजित श्रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर श्रृंखला में दस दिवसीय शिविर का शुभारंभ मंगलवार को हुआए जिसमें विभिन्न स्थानों से कई साधकगण अपक्काहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ.साथ योगाए आयुर्वेदिक उपचारए फिजियोथैरेपीए एक्यूप्रेशरए एक्यूपंक्चरए शिरोधाराए पोटली मसाज आदि से भी लाभान्वित होने की उम्मीद से आए हैं। इस शिविर में शिविरार्थियों को प्राकृतिक उपचारए योगए उपवास एवं अपक्व आहारए रसाहारए फ्लाहार के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला सिखाई जाएगी। शिविर के प्रथम दिन प्रातः 07 बजे से शिविर में आए शिविरार्थियों का सर्वप्रथम पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया एवं इसके पश्चात् शिविर का शुभारंभ व्याख्यानरेजिडेंशियल मेडिकल ऑफिस डॉ दिनेश यादव ने दिया।

डॉ यादव ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि इस शिविर का उद्देश्य है बिना दवा तंदुरूस्ती पाना। इस दस दिवसीय शिविर में आप अपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करेंवो सीखेगें। शरीर का शुद्धिकरण होना बहुत ही आवश्यक हैं इसलिए इस शिविर का नाम ही श्रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविरश् रखा गया है। दस दिवसीय रोग निवारण शिविर में प्राकृतिक चिकित्सको एवं व्याख्यान कर्ताओं द्वारा कई अलग.अलग विषयों पर प्रातः कालीन एवं सांयकालीन व्याख्यान सत्र एवं शंका समाधान में शिविरार्थियो एवं साधकों को व्याख्यान से लाभान्वित किया जाएगा।

#### मेट्रो एंकर

### अपर मुख्य सचिव कंसोटिया ने शिविर का अवलोकन किया

# यूरोलॉजी शिविर में 86 ऑपरेशन हुए, 89 के आज होंगे

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जे एन कन्सोटिया ने मंगलवार को सेवासदन नेत्र चिकित्सालय में लगे 99 वें निःशुल्क यूरोलॉजीए ईएनटी और जनरल सर्जरी शिविर का अवलोकन किया । कन्सोटिया ने शिविर में उन मरीजों से कुशलक्षेम पूछी जिनके पथरीए प्रोस्टेटए हर्नियाए गाल ब्लेडरए ईएनटी और अन्य बीमारियों के ऑपरेशन हुए हैं। रोगियों ने ऑपरेशन की गुणवत्ता और शिविर में उपलब्ध कराई जा रही सेवा.सुविधाओं की सराहना की। इस अवसर पर एल सी जनियानीए सेवासदन के कार्यपालन अधिकारीए पीणएसण् राठौरए समाज सेवी केणएलण् वाधवानी विशेष रूप से उपस्थित थे । यह शिविर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय और जीव सेवा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से लगाया गया है ।



कन्सोटिया को बताया गया कि शिविर में दो दिन में कुल 86 ऑपरेशन हुए हैए जबकि भोपाल तथा आसपास के जिलोंध्शहरों से कुल 937 रोगियों ने अपना इलाज करवाने के लिये पंजीयन करवाया । इनमें से डॉक्टर्स द्वारा 175 लोगों को चिन्हित कर ऑपरेशन के लिये भर्ती किया है । शेष रोगियों के ऑपरेशन आगामी तीन दिन में किये जायेंगे ।

कन्सोटिया ने अस्पताल के विज़िटर्स बुक में अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखा है कि सेवा सदन द्वारा निर्धन रोगियों की भलाई के सभी काम उत्कृष्ट तरीके से किये जा रहे है। अस्पताल के सेवाधारी मरीजों की सेवा कर रहे हैं। पीड़ित मानवता की भलाई के लिये किये जाने वाले कार्य सराहनीय है। कन्सोटिया ने मरीजों की सेवा में लगे सेवादारोंए अस्पताल के पदाधिकारियों और चिकित्सा अमले से भी बातचीत की ।

# मध्यप्रदेश की प्रगति का नया पड़ाव
# निरंतर विकास ला रहा बदलाव



**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकसित भारत संकल्प-2047 को लेकर लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश का दायित्व संभालने से लेकर अब तक मुख्यमंत्री जी द्वारा हर क्षेत्र को प्रगतिशील और सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक निर्णय किये गए हैं। विकास के प्रयासों का निरंतर क्रम प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहा है।

## ₹ 761 करोड़ लागत
के विकास कार्यों का
## शिलान्यास एवं लोकार्पण
पूर्वाह्न 11:00 बजे
रेंजर कॉलेज, बालाघाट

## ₹ 104 करोड़ लागत
के विकास कार्यों का
## भूमिपूजन एवं लोकार्पण
तथा
**औद्योगिक नीति निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रम और श्रीअन्न (मिलेट्स) मेला का शुभारंभ**
अपराह्न 2:30 बजे
पोला ग्राउंड, छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री
# डॉ. मोहन यादव
द्वारा

**21 फरवरी, 2024**

D-11212/23

- बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं के लिए 11 शासकीय स्कूल/कॉलेज के निर्माण कार्य एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का भवन निर्माण
- 25 गांवों में होगी नल-जल योजना से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता
- सिलिको मेगनीज/फैरो एलायंस प्लांट की स्थापना से ₹ 200 करोड़ का पूंजी निवेश एवं 150 से अधिक रोज़गारों का सृजन
- 200 लीटर प्रतिदिन उत्पादन क्षमता की ग्रेन बेस्ड एथेनॉल परियोजना में ₹ 450 करोड़ का पूंजी निवेश एवं 132 से अधिक लोगों को रोज़गार
- पी.वी.सी. इन्सुलेशन इलेक्ट्रिक टेप निर्माण परियोजना में ₹ 135 करोड़ का पूंजी निवेश तथा 100 से अधिक लोगों के लिए रोज़गार के सृजन सहित विभिन्न विकास कार्यों से बदलेगी तस्वीर

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

## सुविचार

अपनी जिंदगी में अगर वाकई कुछ हासिल करना है तो, अपने तरीकों को बदलों अपने इरादों को कभी नहीं।।

- अज्ञात

## संपादकीय

# सफर की बुनियादी जरूरत

भारत में रेलवे स्टेशनों को हवाई अड्डे जैसी चकाचौंध व सुविधाएं देने का प्रयास हो रहा है। हवाई गति से ट्रेनें दौड़ाने का काम हो रहा है, लेकिन जैसी बदहाली कई बार रेल्व के इंतजामों में उभरती हैं, कमोबेश वैसी ही बीते कुछ अर्से में हवाई अड्डों व हवाई सेवाओं में उभरने लगी हैं। हाल में मुंबई हवाई अड्डे पर अस्सी वर्ष के एक बुजुर्ग की मौत सिर्फ इसलिए हो गई कि वहां उसे समय पर पहिएदार कुर्सी मुहैया नहीं कराई गई, जबकि इसके लिए पहले ही अनुरोध कर दिया गया था। बाद में संबंधित विमानन कंपनी ने कहा कि पहिएदार कुर्सी की किल्लत थी और बुजुर्ग को इंतजार करने के लिए कहा गया था, मगर वे पैदल ही चल प?। मगर यह सवाल है कि न्यूयार्क से मुंबई पहुंचे बुजुर्ग ने अगर पहले ही इसके लिए बुकिंग कराई थी, तब उसे सही समय पर कुर्सी मुहैया कराना किसकी जिम्मेदारी थी? यह एक बानगी है, जो पीड़ादायक है लेकिन इसके पहले भी लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं,जिसमें विमानन सेवाओं के संचालन पर जितने सवाल उठ रहे हैं, उतने ही इन पर नजर रखने वाली संस्थाओं पर भी हैं। अक्सर देखा जाता है कि जब विमान यात्रा के दौरान हवाई अड्डे पर पहुंचने से लेकर हर स्तर पर अगर कोई यात्री जाने-अनजाने में नियम के विरुद्ध कोई व्यवहार करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने में पूरी सक्रियता बरती जाती है। इसका मकसद होता है कि किसी भी तरह की अव्यवस्था न पैदा हो, क्योंकि विमान यात्रा बेहद संवेदनशील होती है और उसमें मामूली गलती भी ब?ा खतरा पैदा कर सकती है और जब विमानन कंपनी की तरफ से चूक होती हैं तो इसकी लीपापोती कर दी जाती हैं। साफ जरूरत है कि विमान सेवाओं को संचालित करने वाले महकमे की ओर से भी कोई लापरवाही न बरती जाए। मगर आए दिन देखा जाता है कि अव्यवस्था की वजह से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना प?ता है। कुछ वक्त पहले एक यात्री विमान के शौचालय में गया और तकनीकी खराबी की वजह से उसी में बंद हो गया। उसे उसी में बंद रह कर यात्रा पूरी करनी प?ी। इसी तरह विमान में यात्रियों के साथ बदतमीजी तक हुई और इस पर कई वजहें एयरलइन कंपनियों द्वारा मने रख दी गई। अक्सर यात्रा के दौरान क्रू द्वारा यात्री की परेशानी पर ध्यान नहीं देने की बातें भी सामने आती हैं। दूसरी तरफ खराब मौसम या अन्य वजहों से हवाई यात्रा में दस-बारह घंटे या इससे ज्यादा वक्त की देरी को भी सामान्य मान लिया जाता है। हाल ही में हवाई अड्डों पर किसी व्यस्त रेल्वे स्टेशन जैसी आपाधापी की खबरें व फोटो तक आई हैं। वहीं एक विमान के यात्री तो हवाई पट्टी पर ही उतरकर खाना खाने या वक्त काटने लगे। सुरक्षा जांच से गुजरने और उ?ान भरने के बाद तकनीकी खराबी की वजह से विमान को आपात स्थिति में फिर से उतारने की घटनाएं भी सामने आईं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक बेहद छोटी खामी के चलते विमान यात्रियों के साथ क्या हो सकता है। यह मामले सरकार की संवेदनशीलता व सख्त निगरानी की जरूरत बताते हैं। हवाई सफर को आम आदमी तक सुलभ बनाने की कोशिशें तो अच्छी हैं लेकिन निजी एयरलाइंस के बढते दखल के चलते सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हवाई सफर व्यवस्थित,सुरक्षित व खुशगवार बनाने की कोशिशों पर फोकस ज्यादा रहे और निगरानी तंत्र मजबूत रहे।

## आज का इतिहास

- 1731 - अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन का जन्म हुआ।
- 1746 - फ्रांसीसी सेनाओं ने बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स पर कब्जा किया।
- 1821 - स्पेन ने फ्लोरिडा राज्य को 50 लाख डॉलर में अमेरिका को बेच दिया।
- 1857 - स्काउट्स की अंतर्राष्ट्रीय संस्था के संस्थापक रॉबर्ट बेडल पॉवेल का जन्म लंदन के एक धार्मिक घराने में हुआ। उन्होंने समाज में युवाओं को आगे लाने और कमजोर लोगों की मदद करने के उद्देश्य से स्काउट्स की एक अंतरराष्ट्रीय संस्था की स्थापना की।
- 1885 - क्रांतिकारी जतीन्द्र मोहन सेन गुप्ता का जन्म हुआ।
- 1913 - मैक्सिको के क्रन्तिकारी राष्ट्रपति फ्रैन्सिस्को मेजेरो की सेना ने हत्या कर दी।
- 1944 - महात्मा गांधी की पत्नी कस्तूरबा गांधी का निधन।
- 1958 - भारत के विख्यात राजनीतिज्ञ, बुद्धिजीवी और साहित्यकार अबुल कलाम आजाद का 70 वर्ष की आयु में निधन।
- 1979 - यूनाइटेड किंगडम ने सेंट लूसिया को स्वतंत्रता प्रदान की।
- 1980 - अफगानिस्तान में सैन्य शासन की घोषणा।
- 1982 - भारतीय उपमहाद्वीप के विख्यात उर्दू कवि जोश महीलाबादी का निधन।
- 1991 - तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने इराक को कुवैत से अपनी सेना हटाने के लिए कहा और धमकी दिया कि ऐसा नहीं करने पर अमेरका इराक पर हमला कर देगा।
- 1997 - स्कॉटलैंड में रोसलिन संस्थान के शोधकर्ताओं की एक टीम ने पहली बार एक स्तनधारी जीव की कोशिका से 'क्लोन' बनाने की घोषणा की।
- 1998 - जापान के नागानो में 18वें शीतकालीन ओलंपिक खेल समाप्त हुए।
- 2011 - न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च शहर में रिक्टर पैमाने पर 6.3 तीव्रता के भूकंप से 181 लोगों की मौत हो गई।
- 2014 - 39 वर्षीय माटेओ रेन्ज़ी को इटली का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।
- 2015 - 100 यात्रियों को ले जा रही एक नौका के पद्मा नदी में पलटने से 70 लोगों की मौत।

## निशाना

### मच गई है होड़ !



- कृष्णेन्द्र राय

पीड़ितों से मिलने की ।
मच गई है होड़ ।।
न्याय दिलाने खातिर ।
आए सब कुछ छोड़ ।।
हैं हम ही हितैषी ।
रहे इतना ध्यान ।।
लौट आए जल्द ।
खोया जो सम्मान ।।
बोलबाला अपना है ।
आई ऐसी बाढ़ ।।
आपसे संबंधों को ।
करनी हमें प्रगाढ़ ।।
जिएं आप स्वतंत्र ।
है आपका अधिकार ।।
ना होगा बर्दाश्त ।
हुआ जो प्रहार ।।

# भगवान राम: दिव्य आत्मा से हिन्दू राष्ट्रवाद के नायक

■ राम पुनियानी

इस साल 22 जनवरी को एक अत्यंत भव्य आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की। इस अवसर पर हुए भाषणों में हमें बताया गया कि भगवान राम भारत की आत्मा हैं और उन्होंने ही इस देश को एक किया था। इसके पहले कई मुस्लिम नेताओं ने मुसलमानों को सलाह दी थी कि जहां तक हो सके वे 22 जनवरी को यात्रा करने से बचें क्योंकि उस दिन बड़ी संख्या में कारसेवकों की आवाजाही होगी।

बाईस जनवरी को जहां अयोध्या सहित पूरे देश में भगवा झंडे लहरा रहे थे और मंदिर प्रांगण में सेलिब्रिटीज का मेला लगा था वहीं मुसलमानों ने अपने घरों में बंद रहना पसंद किया। उन्हें डर था कि एक बार फिर वही घटनाक्रम न हो जो तीन दशक पहले हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा बाबरी मस्जिद को ढहाए जाने के बाद हुआ था। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के कुछ समय बाद बिहार में एक मुस्लिम कब्रिस्तान को खोद डाला गया। दक्षिण भारत के एक शहर में एक मुस्लिम महिला को निर्वस्त्र करके घुमाया गया और एक चर्च पर भगवा झंडा फहराया गया। मुंबई के मीरा रोड इलाके में एक प्राण-प्रतिष्ठा जुलूस में शामिल लोगों ने एक मुसलमान के टेम्पो और कुछ अन्य मुसलमानों की दुकानों पर हमले किए। जहां एक ओर प्रधानमंत्री मुख्य यजमान की भूमिका अदा कर रहे थे, पूरा देश धार्मिकता की जकड़ में था और जगह-जगह इकट्ठा होकर लोग जश्न मना रहे थे वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय में डर का आलम था। इतिहास में पहली बार भगवान राम एक ऐसा प्रतीक बन गए हैं जिनसे धार्मिक अल्पसंख्यकों को डर लगता है।

भगवान राम की जीवनगाथा सबसे पहले कवि और ऋषि वाल्मिकी ने लिखी थी। उन्होंने राम को मर्यादा पुरूषोत्तम बताया था, जो अपने पिता के उनकी पत्नि कैकेयी को दिए गए वचन को पूरा करने के लिए राजगद्दी छोड़कर वन चले जाते हैं। दक्षिण एशिया में रामकथा के कई संस्करण प्रचलित हैं। एके रामानुजन के प्रसिद्ध लेख '300 रामायनाज' में विभिन्न संस्करणों के बीच अंतर बताए गए हैं। जातक (बौद्ध) संस्करण में राम और सीता पति-पत्नी होने के अतिरिक्त भाई और बहन भी हैं। कथा में बताया गया है कि भाई और बहन का विवाह इसलिए करवाया गया ताकि कुल की शुद्धता बनाई रखी जा सके। जैन संस्करण के राम, अहिंसा में विश्वास रखते हैं और जैन मूल्यों का प्रचार करते हैं। तेलुगु ब्राह्मण महिलाओं के 'महिला रामायण गीत', जिन्हें रंगनायकम्मा ने संकलित किया था, में बताया गया है कि सीता अंततः राम पर विजय प्राप्त करती हैं और शूर्पनखा भी राम से बदला लेने में सफल रहती है। थाईलैंड में प्रचलित रामकीर्ति या रामकिन (राम कथा) में एक नया ट्विस्ट है। इसमें बताया गया है कि शूर्पनखा की बेटी अपनी मां की नाक काटे जाने के लिए सीता को जिम्मेदार मानती है और उनसे



बदला लेती है। इस कहानी में फोकस हनुमान पर है, जो न तो राम के भक्त हैं और ना ब्रह्मचारी हैं बल्कि जो महिलाओं को बहुत प्रिय हैं। भारत में रामकथा का लोकव्यापीकरण गोस्वामी तुलसीदास ने किया। उन्होंने 16वीं सदी में जनभाषा अवधी में रामचरितमानस लिखी और रामकथा को जन-जन तक पहुंचाया। इसके पहले रामकथा देवभाषा संस्कृत में थी, जिसे आम लोग नहीं समझ सकते थे। रामचरितमानस ने राम को लोकप्रिय बनाया और उत्तर भारत में जगह-जगह राम मंदिर बन गए। यह दिलचस्प है कि तुलसीदास, जो कि राम के अनन्य भक्त थे, 16वीं सदी में अयोध्या में ही रहते थे और उन्होंने कहीं भी यह नहीं लिखा है कि बाबर, जो उनका समकालीन था, ने किसी राम मंदिर को ढहाया था। उल्टे, जब पंडितों ने उन्हें जनभाषा में रामायण लिखने के कारण परेशान करना शुरू किया तो उन्होंने बिना संकोच के लिखा कि वे मस्जिद में सो सकते हैं। यह बात उन्होंने अपनी आत्मकथा कवितावली में लिखी है।

भक्तकवि राम को एक निराकार और सर्वव्यापी ईश्वर मानते थे। सबसे अग्रणी संत कवियों में से एक कबीर ने राम को निर्गुण बताया है जो ब्रह्म और आत्मा दोनों में है। महात्मा गांधी राम को नैतिकता और आध्यात्मिकता का सबसे ब?ा स्त्रोत मानते थे। महात्मा गांधी का राम समावेशी था और उनके लिए ईश्वर और अल्लाह में कोई भेद न था। राम की यह व्याख्या भारत के लोगों में बंधुत्व का भाव विकसित करने की दिशा में बहुत बड़ा कदम था। इसके सहारे ही महात्मा गांधी सभी धर्मों का सम्मान करने की बात कह सके और इसी ने वह नींव डाली जिससे भारत एक हो सका। गांधीजी ने राम की उनकी अवधारणा को स्पष्ट करते हुए सन् 1946 में हरिजन में लिखा ''मेरा राम, वह राम जो हमारी प्रार्थना में शामिल हैं, वो अयोध्या का राजा और दशरथ का पुत्र नहीं हैं। मेरा राम तो अमर है, वह अजन्मा और अद्वितीय है'। गांधीजी के मूल्य, भारत के राष्ट बनने की प्रक्रिया के प्रतीक और उसकी अभिव्यक्ति थे। ये मूल्य औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ संघर्ष के और उन सिद्धांतों के प्रतीक थे जो हमारे संविधान का आधार बने। ये मूल्य उन मूल्यों के एकदम उलट हैं जिन पर मोदी और भाजपा की राजनीति की आस्था है और जो आरएसएस को प्रिय हैं। राममंदिर सन् 1980 के दशक तक संघ के एजेंडे में नहीं था। मगर जब संघ परिवार को लगा कि राममंदिर के मुद्दे को लेकर साम्प्रदायिकता भड़काई जा सकती है तो उसने इसका भरपूर दोहन करने का निर्णय लिया। राममंदिर को तोड़कर बाबरी मस्जिद बनाई गई थी, यह संदेह सबसे पहले अंग्रेजों ने पैदा किया था। श्रीमती एएफ बीवरिज ने बाबारनामा के अपने अनुवाद में एक फुटनोट लगा दिया था जिसमें कहा गया था कि शायद बाबरी मस्जिद के नीचे कोई मंदिर है। विद्वानों का मानना है कि श्रीमती बीवरिज ने जो लिखा वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति के अनुरूप था। श्रीमती बीवरिज ने अपने निष्कर्ष की पुष्टि के लिए कोई सुबूत प्रस्तुत नहीं किया। उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्हें कैसे यह इल्म हुआ कि बाबरी मस्जिद का निर्माण राममंदिर को ढहाकर किया गया था। इसके उलट, अन्य धर्मों के आराधना स्थलों के बारे में बाबर की नीति से ऐसा नहीं लगता कि श्रीमती बीवरिज का निष्कर्ष सही हो सकता है।

बाबर के शासनकाल में सांझा परंपराओं का विकास हुआ। हां, बाबर ने ग्वालियर में कुछ जैन मंदिरों को ढहाने का आदेश दिया था मगर वह इसलिए क्योंकि उनमें नग्न मूर्तियां थीं। बाबर ने अपनी वसीयत में हुमांयू को यह सलाह दी थी कि वह अन्य धर्मों, विशेषकर हिंदू धर्म, का सम्मान करे क्योंकि उसके अधिकांश प्रजाजन हिंदू हैं। बाबर स्वयं भी धर्मांध और कट्टर मुसलमान नहीं था और बाबरनामा से तो यही जाहिर होता है कि वह सभी धर्मों का सम्मान करता था। उच्चतम न्यायालय ने भी इस धारणा को सही नहीं बतलाया है कि बाबरी मस्जिद का निर्माण राम मंदिर के मलबे पर किया गया था।

सामाजिक न्याय कभी संघ-भाजपा को नहीं भाया। और यही कारण है कि मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने की केन्द्र सरकार की घोषणा के तुरंत बाद उसने राममंदिर के नाम पर देशव्यापी जुनून पैदा करने की कोशिश शुरू कर दीं। कबीर और गांधी के राम अब कहीं नजर नहीं आते। राम बदल गए हैं और अब वे ध्रुवीकरण की राजनीति के केंद्र में है। ध्रुवीकरण की सहारे सत्ता में आये आरएसएस-भाजपा अब उनके राम को राजनीति में स्थापित करने के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं। राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय समारोह बना दिया गया। इसके साथ ही, धार्मिक अल्पसंख्यकों को डराने-धमकाने और उनके राजनैतिक हाशियाकरण का एक नया दौर शुरू हो गया है। क्या हम उस दिव्य राम को वापस ला सकते हैं जो गांधी और कबीर का आराध्य था? क्या हम धार्मिक कर्मकांडों की बजाय धर्म के नैतिक और आध्यामिक पक्षों का प्रचार कर सकते हैं?

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया; लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हार्मोनी एवार्ड से सम्मानित हैं)

## विश्व मातृभाषा दिवस विशेष

# विलुप्त होती मातृभाषाओं को बचाना प्राथमिकता हो

■ ललित गर्ग

यूनेस्को द्वारा हर वर्ष 21 फरवरी को विश्व मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा देना। मातृभाषा के माध्यम से इंसानों को आपस में जोड़ना एवं सौहार्द स्थापित करना। यूनेस्को द्वारा अन्तरराष्टीय मातृभाषा दिवस की घोषणा से बांग्लादेश के भाषा आन्दोलन दिवस को अन्तरराष्ट्रीय स्वीकृति मिली, जो बांग्लादेश में सन् 1952 से मनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में इस दिन एक राष्ट्रीय अवकाश होता है। 2008 को अन्तरराष्ट्रीय भाषा वर्ष घोषित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व को फिर दोहराया है। 2024 की थीम 'बहुभाषी शिक्षा अंतर-पीढीगत शिक्षा का एक स्तंभ है'। आज 250 मिलियन बच्चे और युवा अभी भी स्कूल नहीं जाते हैं और 763 मिलियन वयस्क बुनियादी साक्षरता कौशल में निपुण नहीं हैं। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों की विविध संस्कृतियों एवं बौद्धिक विरासत की रक्षा करना तथा मातृभाषाओं का संरक्षण करना एवं उन्हें बढ़ावा देना इस दिवस का उद्देश्य है। संयुक्त राष्ट के अनुसार, हर दो सप्ताह में एक भाषा विलुप्त हो जाती है और विश्व एक पूरी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत खो देता है।

जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। मातृभाषा एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया जाता रहा है। ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी 21 फरवरी 1952 को बांग्लादेश में जब 1947 में भारत के विभाजन के बाद पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा घोषित कर दिया था। लेकिन इस क्षेत्र में बांग्ला और बंगाली बोलने वालों की अधिकता ज्यादा थी और 1952 में जब अन्य भाषाओं को पूर्वी पाकिस्तान में अमान्य घोषित किया गया तो विश्वविद्यालय के छात्रों ने आंदोलन छेड़ दिया। आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस ने छात्रों और प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलानी शुरु कर दी जिसमें कई छात्रों की मौत हो गई। अपनी मातृभाषा के हक में लड़ते हुए मारे गए शहीदों की ही याद में मातृभाषो दिवस मनाया जाता है।




आज विश्व में ऐसी कई भाषाएं और बोलियां हैं जिनका संरक्षण आवश्यक है। लोकभाषाओं की चिंता इसलिए जरूरी है कि ये हमारी विरासत का एक भाग हैं और हमारी थाती हैं और इनमें जो भी कुछ सुंदर और श्रेष्ठ रचा जा रहा है, उसे सहेजकर रखा जाना चाहिए। यूनेस्को के अनुसार भाषा केवल संपर्क, शिक्षा या विकास का माध्यम न होकर व्यक्ति की विशिष्ट पहचान है, उसकी संस्कृति, परम्परा एवं इतिहास का कोष है। अगर हम भारत की बात करें तो यहां हर कुछ कदम पर हमें बोलियां बदलती नजर आएंगी। 85 संस्थाओं और विश्वविद्यालयों के तीन हजार विशेषज्ञों के पीपुल्स लिंग्युस्टिक सर्वे आफ इंडिया (पीएलएसआई) के अध्ययन के अनुसार पिछले 50 वर्षों के दौरान 780 विभिन्न बोलियों वाले देश की 250 भाषाएँ लुप्त हो चुकी हैं। इनमें से 22 अधिसूचित भाषाएं हैं। जनसंख्या के आंक?ों के अनुसार 10 हजार से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली 122 भाषाएं हैं। बाकी 10 हजार से कम लोगों द्वारा बोली जाती है। आयरिश भाषाई विद्वान जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन के बाद पहली बार 1898-1928 के बीच भाषाई सर्वे किया गया है। आजाद भारत में पहली बार किए गए इस पहले सर्वे में चार वर्ष लगे। इस रिपोर्ट के अनुसार भाषाई विविधता की दृष्टि से भारत में अरुणाचल प्रदेश सबसे समृद्ध राज्य है, वहाँ 90 से अधिक भाषाएँ बोली जाती है। इसके बाद महाराष्ट्र और गुजरात का स्थान है, जहाँ 50 से अधिक भाषाएँ बोली जाती है। 47 भाषाओं के साथ ओडिशा चौथे स्थान पर है। इसके विपरीत गोवा में सिर्फ तीन भाषाएं बोली जाती हैं तो दादर और नगर हवेली में एक भाषा 'गोरपा' है, जिसका अब तक कोई रिकार्ड नहीं है।

भारत में यह दिवस विशेष रूप से उन जनजातीय क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है जहाँ बच्चे उन विद्यालयों में सीखने के लिये संघर्ष करते हैं जिनमें उनको मातृभाषा में निर्देश नहीं दिया जाता है। ओडिशा में केवल 6 जनजातीय भाषाओं में एक लिखित लिपि है, जिससे बहुत से लोग साहित्य और शैक्षिक सामग्री तक पहुँच से वंचित हैं। सरकार ने 'भाषा संगम' कार्यक्रम शुरू किया है, जो छात्रों को अपनी मातृभाषा सहित विभिन्न भाषाओं को सीखने और समझने के लिये प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य बहुभाषावाद और सांस्कृतिक विविधता को ब?ावा देना भी है। सरकार ने केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान भी स्थापित किया है, जो भारतीय भाषाओं के अनुसंधान और विकास हेतु समर्पित है। मातृभाषाओं की रक्षा हेतु कई राज्य-स्तरीय पहलें भी हैं। उदाहरण के लिये ओडिशा सरकार ने 'अमा घर' कार्यक्रम शुरू किया है, जो आदिवासी बच्चों को आदिवासी भाषाओं में शिक्षा प्रदान करता है।

करीब 400 से अधिक भाषाएं आदिवासी और घुमंतू व गैर-अधिसूचित जनजातियाँ बोलती हैं। यदि भारत में हिंदी बोलने वालों की तादाद लगभग 40 करोड़ है तो सिक्किम में माझी बोलने वालों की तादाद सिर्फ 4 है। पूर्वात्तर के पाँच राज्यों में बोली जाने वाली करीब 130 भाषाओं का अस्तित्व खतरे में हैं। असम की 55, मेघालय की 31, मणिपुर की 28, नागालैंड की 17 और त्रिपुरा की 10 भाषाएं खतरे में हैं। हाल ही में भारत के अंडमान निकोबार द्वीप समूह की तकरीबन हजारों साल से बोली जाने वाली एक आदिवासी भाषा 'बो' हमेशा के लिए विलुप्त हो गई। भारत में मातृभाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिये नरेन्द्र मोदी सरकार प्रयासरत है। उन्होंने उच्च शिक्षा के स्तर पर भी बहुभाषिकता को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्वीकार किया है। भारतीय वैज्ञानिक सी.वी.श्रीनाथ शास्त्री के अनुभव के अनुसार अंग्रेजी माध्यम से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने वाले की तुलना में भारतीय भाषाओं के माध्यम से पड़े छात्र, अधिक उत्तम वैज्ञानिक अनुसंधान करते हैं। महात्मा गाँधी ने कहा था, 'विदेशी माध्यम ने बच्चों की तंत्रिकाओं पर भार डाला है, उन्हें रट्टू बनाया है, वह सृजन के लायक नहीं रहे। विदेशी भाषा ने देशी भाषाओं के विकास को बाधित किया है।' इसी संदर्भ में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल कलाम के शब्दों का यहां उल्लेख आवश्यक हो जाता है कि ÷मैं अच्छा वैज्ञानिक इसलिए बना, क्योंकि मैंने गणित और विज्ञान की शिक्षा मातृभाषा में प्राप्त की।'

सशक्त भारत-निर्माण एवं प्रभावी शिक्षा के लिए मातृभाषा में शिक्षा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने अपने से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों के लिये 2021-22 के शैक्षणिक सत्र के लिये लिया है, जिसके अन्तर्गत क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ्यक्रम चलाने की अनुमति दी जा रही है। नवंबर 2020 में, शिक्षा मंत्रालय ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसमें कॉलेजों को मातृभाषा में इंजीनियरिंग की शिक्षा देने की अनुमति दी गई थी। एआईसीटीई के अध्यक्ष अनिल सहस्त्रबुद्धे के अनुसार क्षेत्रीय भाषाओं में इंजीनियरिंग की शिक्षा दिये जाने के लिए बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तमिल और तेलुगु सहित आठ क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ्य-सामग्री के अनुवाद पर काम शुरू कर दिया है।

**लेखक के अपने विचार हैं**

## जनसुनवाई में आए आवेदनों का त्वरित निराकरण करें: कलेक्टर



**नर्मदापुरम।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 120 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता शैलेंद्र गौर के निधन पर शोक, अधिवक्ता परिवार ने 45 हजार रूपये की धनराशि माताश्री को प्रदान की



**नर्मदापुरम।** अधिवक्ता परिवार के सदस्य शैलेन्द्र गौर के निधन पर अधिवक्ता परिवार नर्मदापुरम द्वारा शोक व्यक्त करते हुए अधिवक्ता परिवार से प्राप्त 45 हजार रूपये की धनराशि स्वर्गीय गौर की माताश्री को प्रदान की गई। अधिवक्ता संघ सचिव मनोज जराठे ने बताया कि अधिवक्ता अनुराग दुबे, धर्मेन्द्र यादव और योगेश पटेल ने राशि एकत्रित करने का कार्य किया था। 20 फरवरी को संघ अध्यक्ष दीपक जैन के मार्ग दर्शन में अधिवक्ता संघ सचिव मनोज जराठे, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, कार्यकारणी सदस्य सौरभ तिवारी, अधिवक्ता अनुराग दुबे व धर्मेन्द्र यादव ने स्वर्गीय गौर के गांव पहुंचकर अधिवक्ता परिवार की ओर से एकत्रित की गई नगद राशि श्रीमती रामबाई गौर को सौंपी है। अधिवक्ता परिवार की इस पहल की सराहना सभी जगह की जा रही है।

# पार्षद पति चौकसे ने नपा सीएमओ से किया अभद्र व्यवहार कर, जान से मारने की धमकी

### पार्षद पति के विरुद्ध पुलिस ने की एफआईआर दर्ज
### पार्षद पतियों के हस्तक्षेप को लेकर मजदूर संघ ने की निंदा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को नगर पालिका में हुई एक बैठक के दौरान वार्ड नंबर 28 पार्षद कंचन चौकसे के पति जयकुमार चौकसे और मुख्यनगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडे के बीच किसी बात को लेकर हुई बहस अभद्र व्यवहार और गाली गलौच तक पहुंच गई. पार्षद तथा उपस्थित कर्मचारियों की वजह से बड़ी मुश्किल से मामला शांत हुआ.नहीं तो पार्षद पति के आक्रोश को देखते हुए बात हाथापाई तक पहुंच सकती थी.

मामले को लेकर सीएमओ नवनीत पांडे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित कई धाराओं में जयकुमार चौकसे के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

घटना को लेकर बताया जाता है कि मामला सेठानी घाट स्थित एक नगर पालिका की दुकान का था. इस दुकान पर जय चौकसे का कब्जा था लेकिन न्यायालय द्वारा इस कब्जे को अवैध घोषित करके अन्य व्यक्ति के नाम पर दुकान का फैसला कर दिया था. जय चौकसे इस दुकान के लिए नगर पालिका अधिकारी से एडवाइजरी जारी करने की बात कर रहे थे जो कि नियम संगत नहीं था. नपा कर्मचारियों का कहना है कि मंगलवार को भी इसी बात को लेकर पार्षद द्वारा सीएमओ पर दबाव बनाया गया. दबाव से प्रभावित न होने पर पार्षद द्वारा दबंगई का सहारा लिया गया. और सीएमओ पांडे के खिलाफ गाली गलौच की गई।

पार्षद पति के द्वारा सीएमओ से अभद्रतापूर्ण व्यवहार की मजदूर संघ ने निन्दा की। नपा कर्मचारी मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेश अत्रे ने बताया कि संत शिरोमणि रामजी बाबा के मेले का आयोजन को लेकर नगरपालिका



कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई थी । उक्त बैठक के उपरांत

मेले में दुकानों के आवंटन को लेकर वार्ड नंबर 28 के पार्षद पति के द्वारा नगरपालिका के सीएमओ के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हुए गाली गलौज जैसा निंदनीय कृत्य किया गया है, हमेशा पटाखा बाजार व मेले में दुकानों के आवंटन को लेकर पार्षद व इनके पतियों के द्वारा कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ गाली गलौज बदतमीजी की जाती है जो किसी भी तरह से उचित नहीं है।अभी कुछ दिन पूर्व विधुत विभाग में पदस्थ कर्मचारियों के साथ पार्षद व पार्षद पतियों के द्वारा विधुत व्यवस्था सुधार के नाम पर गाली गलौज करते हुए मार पीट की कोशिश की गई थी तब संघ द्वारा कलेक्टर महोदय को पत्र लिखकर ऐसे पार्षदों जिनके पतियों द्वारा नगरपालिका के कार्यों में हस्तक्षेप किया जाता है को नगरपालिका अधिनियम की धारा 41 के पालन में अयोग्य घोषित किया जावे ऐसी मांग की गई थी जिसकी जांच आज दिनांक तक लंबित है,आज उसी का परिणाम है कि वार्ड नंबर 28 के पार्षद पति के द्वारा नगरपालिका के सीएमओ के साथ गाली गलौज व अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया गया जो अति निंदनीय है।

कलेक्टर से अपेक्षा है कि इस मामले में संज्ञान लेते हुए नगरपालिका में पार्षद पतियों द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप पर तुरन्त रोक लगाई जाए एवं पार्षद पतियों का हस्तक्षेप पाए जाने पर पार्षद पर नगरपालिका अधिनियम धारा 41 के पालन में अयोग्य घोषित करने की कार्यवाही की जावे,जिससे की भविष्य में ऐसी निंदनीय घटना कि पुनरावृत्ति किसी पार्षद या पार्षद पति के द्वारा न की जावे।

### इनका कहना है


पार्षद पति जय चौकसे द्वारा पहले तो मुझे मीटिंग में जाने से रोका. और बाद में जब मीटिंग से बाहर आया तब भी मेरे साथ अभद्रता कर गाली गलौच की एवं हाथापाई पर उतारू हो गए। पार्षद पति ने नवनीत पांडे के साथ ही अभद्रता नहीं की बल्कि एक शासकीय सेवक और उसको सौंपे गए दायित्व के साथ अभद्रता की है। सेठानी घाट पर एक नगर पालिका की दुकान को लेकर न्यायालय में प्रकरण चल रहा था. इस दुकान पर पार्षद पति चौकसे का कब्जा था न्यायालय ने इस कब्जे को अबैध घोषित करके वास्तविक दुकानदार के पक्ष में फैसला सुनाया। इस दुकान को अपने नाम पर कराने के लिए नगर पालिका पर दबाव डाल रहे हैं. जो कि नियम विरुद्ध है। ऐसा नियम विरुद्ध कार्य मेरे द्वारा नहीं किया जा सकता और ना ही मैं किसी की दबाव में आकर करूंगा। मैं अपने घर परिवार से दूर आकर अकेला यहां रहकर नौकरी कर रहा हूं. डरकर नौकरी करना तथा नियम विरुद्ध कार्य करना मेरी कार्य शैली का कभी भी हिस्सा नहीं रहा है. मृत्यु सभी को आनी है एक जान है. यदि किसी को मेरी जान भी लेना है तो वह अपनी मनसा के लिए प्रयास कर सकता है लेकिन मैं कभी भी विधि विरुद्ध काम नहीं करूंगा.

– **नवनीत पांडे** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नर्मदापुरम

मेरे द्वारा सीएमओ के साथ ऐसा कुछ नहीं किया गया है. मैंने तो दुकान को लेकर न्यायालय को एडवाइजरी जारी करने की बात सीएमओ साहब से की थी सीएमओ के समक्ष अपनी बात रखने के दौरान दोनों में बहस हो गई. उन्होंने भी मेरे साथ गर्म जोशी से व्यवहार किया तो मैंने भी उसी शैली से व्यवहार किया। मैंने भी पार्षदों के साथ जाकर पुलिस में शिकायत की.

**जय चौकसे,पार्षद पति वार्ड नंबर 28 नर्मदापुरम**

# प्राचार्य व छात्रों ने देखा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उषा के अंतर्गत 8 बहुविषयक शिक्षा एवं शोध संस्थान के रूप में अनुदान राशि प्रदान करने के सम्बंध में आयोजित कार्यक्रम का जम्मू से यूट्यूब लिंक के माध्यम से समस्त स्टॉफ एवम विद्यार्थियों के समक्ष सीधा प्रसारण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे, डॉ संजय चौधरी, प्रो जी पी रैकवार ,डॉ एन आर अडलक, डॉ अंजना यादव,प्रतीत गौर,नितिन वाघमारे, राजीव द्विवेदी, मनोज यादव, नितिन सोनी, शाहिद खान तथा अत्यधिक संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रहे।इस दौरान डॉ चौबे छात्रों को जम्मू कश्मीर,डोंगरी भाषा, उद्यमिता विकास, विकसित भारत, जम्मू-कश्मीर की विश्वविद्यालयीन शिक्षा के नये और पुराने नियमों आदि के साथ कार्यक्रम के प्रसारण पर विभिन्न जानकारियां साझा करते रहे। युवाओं द्वारा कांफ्रेंस हाल में भारत माता के जयघोष के साथ लाइव टेलीकास्ट रुचि पूर्वक देखा गया।

# नर्मदा कॉलेज में पंद्रह दिवसीय योग शिविर का समापन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आंतरिक परिवाद समिति, महिला प्रकोष्ठ और योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में पंद्रह दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। शिविर दो पालियों में सुबह और शाम को संचालित किया गया ।इस दौरान विद्यार्थियों ने योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार रेचक, पूरक, कुंभक क्रियाएं जानी। सूक्ष्म व्यायाम के अंतर्गत ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, स्वांस प्रश्वांस के अभ्यास के साथ नेति क्रिया आदि भी सीखी।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने बधाई देते हुए प्रतिभागियों से कहा कि योग प्राणायाम हमारी दिनचर्या का अंग है उन्होंने ऐसे शिविरों को सकारात्मकता , ऊर्जा और स्फूर्ति के लिए अनिवार्य और आवश्यक बताया। वहीं डॉ अमिता जोशी ने योग को विद्यार्थियों के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए मन की स्थिरता , शांति और तनाव रहित जीवन का उत्तम साधन बताया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ सविता गुप्ता ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। योग प्रभारी डॉ यास्मीन खान का निरंतर मार्गदर्शन रहा। श्रीमती जय नंदनवार ने संचालन एवं डॉ प्रीति आनंद उदयपुरे ने आभार व्यक्त किया।योग शिक्षक तृप्ति पाराशर और संजीव चौहान ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।शिविर में राकेश चौहान कैवल्य धाम संस्था की ओर से प्रशिक्षक रहे। डॉ रोशनी थापक, डॉ कुमुदिनी गार्गव,डॉ नीलू दुबे, श्रीमती स्नेहा दुबे, और डॉ अंजना यादव का सक्रिय सहयोग रहा। शिविर में त्रेसठ से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

## नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थो का कारोबार करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई

**रायसेन ।** कलेक्टर अरविंद दुबे ने जिले में अभियान चलाते हुए नकली और मिलावटी घी, मावा, तेल, दूध सहित अन्य खाद्य पदार्थो का कारोबार करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए कलेक्टर श्री दुबे द्वारा संयुक्त जांच दल भी गठित किए गए हैं, जिनके द्वारा नियमित रूप से खाद्य पदार्थो के निर्माण स्थल, प्रतिष्ठानों आदि का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थो के नमूने लेकर जांच की जा रही है। जांच दल द्वारा चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में खाद्य पदार्थो की प्रारंभिक जांच की जा रही है तथा मिलावट पाए जाने पर मौके पर जप्ती और लीगल नमूने लेने की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी क्रम में सिलवानी नगर में राजस्व विभाग, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा खाद्यान प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए खाद्य पदार्थो के परीक्षण हेतु नमूने लिए गए। साथ ही घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग कर रहे प्रतिष्ठानों से गैस सिलेण्डर जप्त किए जाने की कार्यवाही भी की गई।

# जिला निर्वाचन अधिकारी मीना ने मॉकपोल प्रक्रिया का किया अवलोकन

### मतगणना केंद्र संभागीय आईटीआई का किया निरीक्षण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में आगामी लोकसभा निर्वाचन की तैयारियां सुचारू रूप से जारी हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आज कलेक्टर कार्यालय स्थित तवाभवन पहुंचकर यहां ईवीएम मशीनों की मॉकपोल की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम प्रबंधन की सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने मतगणना केंद्र संभागीय आईटीआई का भी निरीक्षण कर मतगणना की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतगणना केंद्र पर उन्होंने पोल्ड मशीनों को रखे जाने, सुरक्षा व्यवस्था, काउंटिंग रूम, मीडिया कक्ष इत्यादि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे, निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्वास जब जीवन में आता है तब विकास होता है: पंडित दाधीच




**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

ग्राम बाबडिया भाऊ में चल रही महा शिवपुराण मे भगवान शंकर की कथा का रसपान कार रहे पंडित ललित किशोर दाधीच ने कहा की रुद्राक्ष भगवान शिव का ही रूप माना गया है एक मुखी रुद्राक्ष दुर्लभ होता है एक मुखी मनुष्य और एक मुख्य रुद्राक्ष शिव कृपा से ही मिलते हैं। आज मनुष्य की वाणी पर नियंत्रण नहीं रहा किसी को और कुछ नहीं दे सकते हो कोई बात नहीं मीठी वाणी से संबोधन करना चाहिए क्योंकि पानी और वाणी दोनों ही मूल्यवान है, इनकी कीमत करना चाहिए। उन्होंने 1 मुखी से 14 मुखी तक रुद्राक्ष का वर्णन किया बाद में सती चरित्र सुनाया शंका ही सती है विश्वास ही पार्वती है शंका जब जीवन में आती है तब विनाश होता है विश्वास जब जीवन में आता है तब विकास होता है। दक्ष यानी कुशल सती कुशल बाप की बेटी थी आदमी किसी भी काम मे दक्ष होता हे तो उसे अभिमान हो ही जाता है इसलिए माता-पिता का अंश संतान में आवश्यक होता है बाद में हिमालय की पुत्री बनी पर्वत कभी हिलता नहीं विश्वास दृढ़ रहा हमारी श्रद्धा जब दृढ़ होती है तब जीव की लगन भगवान के साथ लगती है जब सच्चा ज्ञान और आनंद मिलता है। शिव पार्वती विवाह की कथा को विस्तार से सुनाया और कहा की शंकर भगवान भस्म धारण करके यह संदेश शिवजी ने संसार को दिया की एक दिन यह शरीर राख हो जाएगी जीवन का असली सत्य ही भस्म है इसीलिए भगवान को अर्पण कर देते हैं गले में सर्प धारण करने का अर्थ है बोली पर नियंत्रण रखना शिव के मस्तक पर सर्प का मुकुट है काल सब के ऊपर बैठा है एक दिन सबको जाना पड़ेगा यह संदेश भगवान ने दिया भुजा में सर्प है अपने हाथों पर नियंत्रण रखें हाथ हाथी को नहीं दिए हैं मनुष्य को मिले हाथ से सेवा करें कमर में सर्प का अर्थ हेक है अपने बैठने पर नियंत्रण होना चाहिए बहुत से लोगों का बैठना बहुत अच्छा नही होता है। ऐसी जगह मत बैठे जहां बैठने से निंदाएं हो सत्संग में जाकर बैठना ही बैठना है कोई अगर बैठना सीखें तो चंद्रमा से ज्ञान लेना चाहिए ऊपर गंगा नीचे ज्ञान का तीसरा नेत्र है जो मनुष्य ज्ञान और गंगा के बीच में बैठता है उसी का बैठना धन्य है। सत्संग की महिमा महाशिवपुराण के अंतर्गत में बड़े विस्तार से सुनाई हजारों की संख्या में श्रद्धालु पधार कर कथा श्रवण कर रहे हैं।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद, सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम (म.प्र)

(राजस्व शाखा)

क्र. 868/ रा.ज/ न. पा./24 — सिवनी मालवा दिनांक 20/02/24

**-:प्रथम ई - निविदा आमंत्रण सूचना :-**

नगरपालिका परिषद सिवनी मालवा के स्वामित्व की निर्मित/ निर्माणाधीन दुकानों को 30 वर्षों के लिये अचल संपत्ति अतरण नियम (राईट ऑफ आक्यूपेशन अधिपतय) 2016 (संशोधन दिनांक 28.03.2023 के प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित मासिक किराया एवं प्रीमियम राशि के आधार पर उपयोग का अधिकार दिये जाने हेतु निकाय द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत ई-निविदा के अंतर्गत पर https://www.mptenders.gov.in ऑनलाईन निविदा देखी जा सकती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | पोर्टल क्र. | स्थल का नाम संपत्ति का विवरण | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / प्रतिभूति निपेक्ष (अमानत राशि) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | आरक्षण | वार्षिक किराया भू भाटक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024UAD 333831, 333855, 333906,333916,333943, 333949,333987,334020, 335118,335119, 335120, 335121, 335122, 335125, 335129, 335131, 335132, 335134, 335138, 335141, 335186, 335188, 335191, 335194, 335197, 335198, 335200, 335202,335204, 335209, 335210, 335213, 335215, 335218, 335219, 335246, 335250, 335253, 335254, 335255,335256, 335259, 335262, 335264, | वार्ड क्र. 02 खेड़ापति शा. काम्प्लेक्स प्रथम तल (बानापुरा) सिमा (44 नव निर्मित दुकान) | दुकान 1 से 12 एवं 27 से 28 साईज 4.25X2.95 = वर्गमीटर | 410000 / 25000 | 2,000 | अ.जा/ अ.ज.जा/ आ. पि. वर्ग/ महिला/ विकलांग/ शेष अनारक्षित | निविदा में प्राप्त प्रीमियम राशि के मूल्य का |
| | | | दुकान 13 से 26 साईज 3.15X2.95 = वर्गमीटर | 325000 / 25000 | | | |
| | | | दुकान 29 से 36 साईज 4.20X3.60 = वर्गमीटर | 460000 / 25000 | | | |
| | | | दुकान 37 से 43 साईज 6.35X3.60 = वर्गमीटर | 505000 / 25000 | | | |
| | | | दुकान 44 साईज 6.35X3.10 = वर्गमीटर | | | | |

**// समय तालिका//**

| क्र. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | टेंडर क्रय करने की तिथि | 20/02/2024 10:30 AM |
| 2 | टेंडर क्रय करने की अंतिम तिथि | 05/03/2024 17:30 PM |
| 3 | Opening date | 07/03/2024 10:30 AM |

नोटः- निविदा प्रपत्र एवं अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी एवं संशोधन सम्बंधित जानकारी म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल की बेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। अन्य आवश्यक जानकारी एवं शर्तें नगर पालिका सिवनी मालवा की राजस्व शाखा में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिवनी मालवा**

## विवाह, निकाह के लिए जनपद कार्यालय में जमा हो रहे हैं फार्म



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना विवाह और निकाह के लिए फॉर्म जमा करने का काम हो रहा है। पहले हुए घोटाले के बाद इस बार बड़ी सावधानी के साथ जनपद कार्यालय में विवाह और निकाह के लिए फॉर्म जमा करने का काम हो रहा है।क्योंकि पहले जनपद कार्यालय में बड़ी संख्या में फर्जी विवाह निकाह संपन्न हुए के चलते तत्कालीन जनपद सीईओ शोभित त्रिपाठी को जेल की हवा खानी पड़ रही है। दूसरी ओर वर्तमान अधिकारियों के द्वारा फूंक कर कदम रखा है पूरी जानकारी के बाद ही इस योजना के अंतर्गत आवेदन लिए जा रहे हैं। वहीं फॉर्म जमा करने के लिए बड़ी संख्या में विवाह और निकाह के लिए जोड़ों के परिजन पहुंच रहे हैं। वहीं कुछ नाबालिक जोड़ों को भी शामिल करवाने का प्रेशर बनवाया जा रहा है पर जनपद सीईओ ने गलत काम करने में साफ मना करते हुए नाबालिक जोड़ों के फॉर्म लेने से मना कर दिया है। इन दोनों जनपद कार्यालय में फॉर्म जमा करने के लिए भीड़ लग रही अब तक 10 के करीब फॉर्म जमा भी हो चुके हैं।

## भगवान विश्वकर्मा प्रकट उत्सव को लेकर बैठक आयोजित



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

मंगलवार को दोपहर जटाशंकर मंदिर परिसर में विश्वकर्मा उत्थान समिति की बैठक आयोजित की गई समिति अध्यक्ष देवीराम विश्वकर्मा की उपस्थिति में सर्व सहमति से 22 फरवरी को बड़े धूमधाम के साथ भगवान विश्वकर्मा प्रकटोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे एवं प्रेमनारायण विश्वकर्मा अध्यक्ष विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड, दर्जा कैबिनेट मंत्री, रामकिशोर विश्वकर्मा कार्यकारी अध्यक्ष विश्वकर्मा महापंचायत संगठन मध्यप्रदेश शामिल होंगे।

### सभागार से निकलेगा भव्य चल समारोह

गुरुवार को प्रातः सात वजे से 10 बजे तक हबन पूजन कार्यक्रम भगवान विश्वकर्मा जी मंदिर जटाशंकर धाम पर होगा तत्पश्चात 10:30 बजे चंद्रमोहन सभागार में सभी समाज बंधुओं का एकत्रीकरण एवं भव्य चल समारोह प्रारंभ होगा जो मुख्य मार्गों से तहसील रोड होते हुए भगवान विश्वकर्मा मंदिर जटाशंकर धाम पर पहुंचकर समापन होगा इस अवसर पर महाप्रसादी वितरण किया जावेगा।

### बरसों से जनपद में खंड पंचायत अधिकारी, एडीओ उपयंत्री, से लेकर 68 पद खाली

# शासकीय योजनाओं का नहीं हो रहा क्रियान्वयन, प्रभारी चला रहे काम, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

शासन की अधिकांश योजनाओं का संचालन जनपद पंचायत के माध्यम से होता है। जिसमें कई पद वर्षो से 68 अधिकारी कर्मचारियों के पद खाली पड़ी हुई है उनमें महत्वपूर्ण पद भी शामिल है। कुछ पद ऐसे हैं इनके न होने के कारण ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर गोलमाल हो रहा है पर उनको देखने वाला कोई नहीं है ग्रामीण शासन की योजनाओं का लाभ पाने के लिए जनपद कार्यालय और सीईओ के कार्यालय के चक्कर लगाते हैं। यदि इन पदों की पूर्ति हो जाए तो ग्रामीणों को जनपद कार्यालय आना ही नहीं पड़ेगा जिसकी जानकारी विभाग के जिम्मेदारों से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को भी इसके बाद भी खाली पदों को भरवाने के कम नहीं उठाए जा रहे हैं। महत्वपूर्ण पद कई सालों से खाली पड़े हुए हैं। इसके चलते अधिकांश से शाखाओं का संचालन भगवान भरोसे ही प्रभारी से चलाया जा रहा है। इन्हें किसी पर कार्रवाई करने का अधिकार भी नहीं होता है इस वजह से क्षेत्रों में तेजी से विकास भी नहीं हो पा रहे। शासन की योजनाओं का समय पत्र ग्रामीणों को लाभ भी नहीं मिल पाता है। शिकायत आने पर कई दिनों तक उनकी जांच भी अमला नहीं होने के कारण नहीं हो पाती है। महत्वपूर्ण पद खाली होने के कारण जनपद सीईओ पर काम सारे काम करवाने का प्रेशर बढ़ता है इस वजह से जनपद सीईओ जो काम क्षेत्र के हित में कर सकते हैं वहां नहीं कर पाते हैं विभागीय काम में ही उलझे रहते हैं। करवाना चाहिए वह काम नहीं हो पाते है।

खाली पद भरवाने समय समय पर खाली पद भरवाने के लिए सीईओ के द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराते हुए इन पदों की पूर्ति के लिए पत्र भी लिखें साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी अमले की कमी से अवगत कराया गया पर किसी ने भी ध्यान देना उचित नहीं समझा।

### इनका कहना है -

*जतने भी पद खाली है उनकी पूर्ति के लिए हमारे द्वारा समय-समय पर पत्राचार भी किया गया है खाली पदों की पूर्ति नहीं होने से हमें भी काम करने में परेशानी होती है यदि सभी पद भर जाए तो काम करवाने में आसानी होगी हम सिर्फ पत्र लिख सकते हैं वह हम कई बार कर चुके हैं।*

**वंदना शर्मा**, *जनपद सीईओ*

### 68 अधिकारी कर्मचारियों की है कमी

जनपद कार्यालय और मनरेगा विभाग में काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों की बात करें तो कुल 68 पद खाली पड़े हुए हैं इनकी वजह से जनपद कार्यालय का काम भगवान भरोसे ही संचालित हो रहा है। अधिकांश योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। जिसमें विकास खंड अधिकारी का पद खाली है, सहायक विकासखंड अधिकारी के 9 पद खाली है, उपमंत्री के दो पद हैं वहां खाली पड़े हैं, चपरासी का एक पद खाली है, पीसीओ के 11 पद रिक्त हैं, सहायक लेखापाल का ग्रेट 2 ओर ग्रेट 3 में टोटल चार पद खाली, 20 ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव नहीं है यहां भी रोजगार सहायकों के भरोसे काम चल रहा है और कुछ पंचायत सचिवों को अतिरिक्त रूप में दे रखे हैं। इस वजह से दोनों पंचायत के काम प्रभावित होते हैं, मनरेगा विभाग में भी दो उपयंत्री की कमी है, 6 ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक भी नहीं है, यहां भी इधर-उधर से ही काम चलाया जा रहा है कुछ पद तो आउट सोर्सेस कर्मचारियों से पूर्ति करके चल रहे हैं, इस वजह से कई बार जनपद कार्यालय की महत्वपूर्ण जानकारी भी लीक हो जाती है।

### आखिर क्यों नहीं आना चाहते खाली पदों पर जिम्मेदार

कई बार खाली पदों पर पूर्ति के लिए भोपाल तथा जिले स्तर से अधिकारियों को भेजने का काम भी किया गया जिनमें विकासखंड अधिकारी कुछ दिन रुके और इन्होंने भी अपना स्थानांतर कर लिया अन्य पदों में भी इसी तरह की स्थिति देखने को मिली आखिर यहां पर इन खाली पदों पर जिम्मेदार कर्मचारी अधिकारी काम क्यों नहीं करना चाहते। किसकी वजह से यहां पर आने से अधिकारी कतराते हैं। वहीं सहायक यांत्रिक भी एक साल के अंदर तीन बदल चुके हैं अव जिनको जिम्मेदारी दी है वह जिले से कभी कभार ही आते हैं इस वजह से पंचायत के काम भी प्रभावित हो रहा है।

### जरूरी पद भी पड़ा है खाली

जनपद पंचायत में विकासखंड अधिकारी का महत्वपूर्ण पद होता है जो की ग्राम पंचायत में होने वाले निर्माण कार्यों की निगरानी करता है और पंचायत सचिवों से लेकर रोजगार सहायकों से काम करवा कर शासन योजना का क्रियवान करता है। वह पद भी कई वर्षों से खाली पड़ा हुआ है।दूसरी हो इनकी मॉनिटरिंग करने वाले अधिकारियों के पद भी कई वर्षों से खाली पड़ी हुए हैं जनपद पंचायत में खुद का उपयंत्री भी नहीं है इस वजह से इन सभी कामों को प्रभारी अधिकारियों से करवाया जा रहा है। इसमें कई पद तो ऐसे हैं जिनको करने की जिम्मेदारी उनके समकक्ष अधिकारी को होती पर ऐसा ना होते हुए पंचायत सचिवों से इस जिम्मेदारी को पूर्ण करवाया जा रहा है। इस बात से अंदाजा लगाया सकता है कि क्षेत्र में विकास का पहिया किस गति से चल रहा है। जब काम करवाने वाले ही अधिकारी और कर्मचारी नहीं होंगे तो विकास को भी गति नहीं मिलेगी। इस वजह से कई महत्वपूर्ण योजनाएं कागजों में ही इस समय संचालित हो रही है।इसके अलावा पात्र लोगों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ भी समय सीमा के अंदर नहीं मिल पाता है वह शासन योजनाओं को प्राप्त करने के लिए दर-दर की ठोकने खाते रहते हैं।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ इकाई के योगेश बने अध्यक्ष



**लटेरी।** आज लटेरी में जनपद के समीप पत्रकार भवन में श्रमजीवी पत्रकार संघ की एक बैठक आयोजित की जिसमें जिले के अध्यक्ष नरेंद्र भदोरिया पधारे जिसमें सभी संगठन के साथियों को कार्ड वितरित किए गए साथ ही आज चुनाव की प्रक्रिया को भी संपन्न कर लिया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार योगेश पंथी को सर्वसम्मति से इकाई लटेरी का अध्यक्ष चुना गया जिसमें तीन प्रत्याशी अध्यक्ष पद के इच्छुक थे जिसमें सर्व प्रथम मुजीब खान ने अपने साथियों सहित समर्थन किया साथ ही पूर्व अध्यक्ष राजीव पराशर जी ने अपनी सहमति देकर इस चुनावी प्रक्रिया को पूर्ण किया और सर्वसम्मति से योगेश पंथी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया जिसमें बाहर से आए अतिथि सहित जिले के उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह तोमर वरिष्ठ पत्रकार सैयद बशारत अली डॉ आमिर सरकार विशाल भार्गव वीरेंद्र मीणा अमित रैकवार आकाश सोनी अशोक मीणा नीरज अग्रवाल नदीम खान सफीक खान मुनव्वर खान राकेश साहू राजेश भास्कर जीशान खान

## महिला सशक्तिकरण योजना तहत व्यवसायिक प्रशिक्षण

विदिशा, दोपहर मेट्रो।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में विपदाग्रस्त महिलाओं के पुर्नवास हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर आत्म निर्भर बनाने की ओर विशेष पहल की जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना के तहत व्यवसायिक प्रशिक्षण के आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री राजपूत ने बताया कि योजना अंतर्गत फार्मेसी, नर्सिग, फीजियोथैरेपी, आया, दाई, वार्ड परिचर, ब्यूटीशियन, शॉर्ट टर्म, मैनेजमेंट कोर्स, कुकिंग, बैंकिग, आईटीआई, पॉलिटेक्निक कोर्स, कम्प्यूटर आपरेटर, बी.एड, डीएड सिर्फ शासकीय संस्थान से सहित अन्य प्रशिक्षण जो शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाता है के व्यवसायिक प्रशिक्षण से प्रशिक्षित किया जाना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राजपूत ने बताया कि महिला सशक्तिकरण योजना के लिए संबंधित पात्रता निम्नानुसार बालात्कार पीडित महिला, बालिका अथवा बाल विवाह पीडिता अथवा ऐसिड, विक्टिम, दहेज प्रताड़ित, अग्नि पीड़िता महिलाएं अथवा दुर्व्यवहार से बचाई गयीं महिलाएं, जेल से रिहा महिलाएं जो गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करती हो। शासकीय एवं अशासकीय नारी निकेतन, आश्रय गृह, बालिका गृह, अनुरक्षण गृह शॉर्टस्टे होम आदि गृहो में निवासरत विपत्तिग्रस्त महिलाएं। सजायपता महिलाओं को जेल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मानसिक रूप से विक्षिप्त न हो। सामान्य महिला की उम्र 45 व उससे कम हो। परित्यक्ता, तलाकशुदा, विधवा, अनाथ, एससी, एसटी, ओबीसी होने की स्थिति में पचास वर्ष से कम हो तथा जो गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करती हो इसके अलावा कम पढी लिखी, साक्षर, अनपढ महिलाओं के लिए उनकी योग्यताअनुसार प्रशिक्षण से प्रशिक्षित किया जाएगा।

## जनसुनवाई में 82 आवेदन आए 53 का निराकरण



**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के मार्गदर्शन में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में 82 आवेदको के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है।

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम की समाप्ति तक प्राप्त 82 आवेदनों में से 53 आवेदनों का निराकरण मौके पर किया गया है शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभागो के जिलाधिकारियों को दिए गए है साथ ही साथ निराकरण की समुचित जानकारी जन आकांक्षा पोर्टल पर भी दर्ज करने के निर्देश दिए है। कलेक्टेव्ट के भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष में संयुक्त कलेक्टर राजेश गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर अवनीश मिश्रा समेत विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मौजूद रहें।

## थाना प्रभारी बीएस गौर का स्थानांतरण होने पर लटेरीवासी निराश



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

लटेरी फिर हुई शर्मसार लटेरी का यह हमेशा से नियम रहा है कि कोई भी अच्छा अधिकारी यहां टिक नहीं सकता और चमचे सालों टिके रहते हैं चुनाव से पूर्व लटेरी आए थाना प्रभारी बीएसगौर का स्थानांतरण लटेरी से करारिया कर दिया गया श्री गौर अपने अच्छे कार्यों के लिए हमेशा सुर्खियों में रहते हैं 26 जनवरी को अपराध रोकने एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा एक और उन्हें सम्मानित किया गया और दूसरी और उनका स्थानांतरित कर दिया कर दिया गया ये पहली बार नहीं हुआ इससे पहले भी कई अच्छे अधिकारियों के स्थानांतरित हुए हैं जिसमें टीना वर्मा, ट्रेनी आईएएस विशेष गढ़पाले, क्ड श्री बृजेंद्र सिंह यादव शामिल रहे हैं जिन्होंने लटेरी के लिए बहुत कुछ किया है और रात और रात ही उनका स्थानांतरण कर दिया गया श्री बलवीर सोमवार की कार्यप्रणाली अपराधियों के लिए बहुत सख्त मानी जा रही थी उन्होंने अपने निजी खर्चे पर सिरोंज चैराहे पर कर के सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित की कराए थे जिससे अपराधियों को पहचान एवं अपराध रोकने में काफी मदद मिल रही थी परंतु खराब राजनीति के चलते एक बार फिर एक अच्छे प्रशासनिक अधिकारी को लटेरी ने को दिया इसका अफसोस है।

**मेट्रो एंकर** | सहरिया जनजाति के हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवासों का स्थलीय भ्रमण किया

# जिला पंचायत सीईओ ने पीएम जनमन के कार्यों का जायजा लिया, शिविर में शामिल

विदिशा, दोपहर मेट्रो।

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जन-मन) पीव्हीटीजी मिशन के तहत जिले में शिविरो का आयोजन कर सहरिया जनजाति वर्ग के उत्थान हेतु संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ प्रदाय करने के प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे है।

जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने मंगलवार को ग्राम पंचायत मढीचैबीसा में पीएम जनमन योजना के तहत संपादित कराए जाने वाले कार्यो का जायजा लिया। खासकर सहरिया जनजाति के हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवासों का स्थलीय भ्रमण कर जायजा लिया है इसके अलावा आयोजित शिविर में पहुंचकर विभिन्न प्रकार के तात्कालिक लाभ प्रदाय करने वाले कार्डो को जारी करने की प्रक्रिया का अवलोकन किया है।

जिला पंचायत सीईओ डॉ भरसट ने ग्राम पंचायत मढीचैबीसा के शिविर में पटवारी और आदिम जाति



कल्याण विभाग के अधीक्षक विलम्ब से उपस्थित होने पर इन दोनो के खिलाफ कार्यवाही का प्रस्ताव जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश मौके पर मौजूद तहसीलदार व जनपद सीईओ को दिए है।

जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम मढीचैबीसा में 26 हितग्राहियों को स्वीकृत किए गए आवासो के निर्माण हेतु किए गए प्रबंधो का जायजा लिया वहीं शिविर में 22 को जाति प्रमाण पत्र, सात को आयुष्मान कार्ड, 13 को आधार कार्ड एवं शत प्रतिशत हितग्राहियों की समग्र आईडी बनाने का कार्य किया गया है वहीं जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय करने की प्रक्रिया क्रियान्वित की गई है। आवासो के निर्माण कार्यो का जायजा के दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ भरसट ने हितग्राहियों से संवाद किया और उन्होंने पूर्ण गुणवत्ता से कार्य कराने के निर्देश संबंधितों को दिए है।

ग्यारसपुर जनपद पंचायत के सीईओ द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें निरीक्षण के दौरान पटवारी श्रीमती प्रियंका शर्मा विलम्ब से उपस्थित होने और आदिम जाति कल्याण विभाग के अधीक्षक श्री जगदीश अहिरवार चैबीसामढी शिविर स्थल की अपेक्षा लखनगार, चिरावटा, सियासी एवं मन्नूपुर में से मात्र लखनगार और चिरावटा में उपस्थित हुए शेष दो ग्रामो में अनुपस्थित पाए जाने पर कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है।

### इलेक्शन के कारण 2 फेज में जारी होगा शेड्यूल, फाइनल की तारीख अभी तय नहीं

# 22 मार्च से शुरू हो सकता है आईपीएल का 17वां सीजन

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन 22 मार्च से शुरू हो सकता है. इंडियन प्रीमियर लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन अरुण धूमल ने इस बात की जानकारी दी है. धूमल ने कहा कि हम 22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन शुरू करवाने की प्लानिंग कर रहे हैं. हालांकि अभी तक आईपीएल के 17वें सीजन का शेड्यूल फाइनल नहीं हो पाया है. लोकसभा चुनाव होने की वजह से इंडियन प्रीमियर लीग का शेड्यूल जारी होने में पेंच फंसा हुआ है। लोकसभा चुनाव के बीच यह साफ हो गया है कि इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन भारत में ही खेला जाएगा. इससे पहले 2009 और 2014 में लोकसभा चुनाव के चलते आईपीएल का आयोजन विदेश में हुआ था. लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने भारत में ही आईपीएल के 12वें सीजन का सफलता पूर्वक आयोजन करवाया था. इसी कामयाबी को देखते हुए इस बार भी आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने भारत में ही 17वें सीजन का आयोजन करवाने का फैसला किया है।




### खिलाड़ियों को मिलेगा आराम

हालांकि लोकसभा चुनाव की वजह से आईपीएल के 17वें सीजन का शेड्यूल एक बार में ही जारी नहीं होगा. अभी तक जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक पहले सभी टीमों के शुरुआती दो या तीन मैचों का शेड्यूल ही जारी किया जाएगा. इसके बाद लोकसभा चुनाव की पोलिंग के हिसाब से शेड्यूल को पेज वाइज जारी किया जाएगा. आईपीएल गवर्निंग काउंसिल शेड्यूल जारी करने के मामले में होम मिनिस्ट्री और चुनाव आयोग के साथ मिलकर काम करेगी। जब जिस राज्य में पोलिंग होगी वहां पर उस दौरान आईपीएल के मैचों का आयोजन नहीं करवाया जाएगा. आईपीएल का 17वां सीजन 26 मई तक चल सकता है. 5 जून से टी20 वर्ल्ड कप का आगाज होने जा रहा है।

### शमार जोसेफ को लखनऊ सुपर जायंट्स ने टीम में शामिल किया

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से ठीक पहले लखनऊ सुपर जायंट्स में एक अहम बदलाव हुआ है. टीम ने मार्क वुड की जगह शमार जोसेफ को मौका दिया है. वेस्टइंडीज के गेंदबाज शमार ने इसी साल जनवरी में इंटरनेशनल डेब्यू किया है. उन्होंने डेब्यू सीरीज में घातक बॉलिंग कर काफी सुर्खियां बटोरीं. रिपोर्ट्स की मानें तो वे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी भी कर चुके हैं. अब पहली बार आईपीएल में खेलते हुए नजर आएंगे. जोसेफ को लखनऊ ने 3 करोड़ रुपए में खरीदा है. आईपीएल ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर बयान जारी करके बताया कि लखनऊ सुपर जायंट्स ने मार्क वुड की जगह वेस्टइंडीज के गेंदबाज शमार जोसेफ को टीम में शामिल किया है. जोसेफ को 3 करोड़ रुपए मिलेंगे. वुड 2022 में लखनऊ के साथ जुड़े थे. लेकिन इस सीजन में वे चोट की वजह से खेल नहीं पाए थे।

### भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा-

# 'आईपीएल कॉन्ट्रेक्ट मिलने के बाद कोई खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी नहीं खेलना चाहता'

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेटरों पर डोमेस्टिक क्रिकेट पर ऊपर आईपीएल को तवज्जों देने के आरोप लगते रहे हैं. लेकिन इन दावों में कितनी सच्चाई है? क्या सच में भारतीय क्रिकेटर डोमेस्टिक क्रिकेट के बजाय आईपीएल को तवज्जों देते हैं? इस सवाल का जवाब दिया है भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने उन्होंने बताया कि एक बार आईपीएल कॉन्ट्रेक्ट मिल जाने के बाद क्रिकेटर रणजी ट्रॉफी में खेलना नहीं चाहते. मनोज तिवारी का मानना है कि क्रिकेटर रणजी ट्रॉफी के ऊपर आईपीएल को तवज्जों देते हैं, क्योंकि इन खिलाड़ियों को डर रहता है कि अगर रणजी ट्रॉफी मैचों में चोट लगी तो इसका असर आईपीएल कॉन्ट्रेक्ट पर होगा. तिवारी का मानना है कि क्रिकेटर रणजी ट्रॉफी के ऊपर आईपीएल को तवज्जों देते हैं, क्योंकि इन खिलाड़ियों को डर रहता है कि अगर रणजी ट्रॉफी मैचों में चोट लगी तो इसका असर आईपीएल कॉन्ट्रेक्ट पर होगा. लिहाजा, एक बार आईपीएल कॉन्ट्रेक्ट मिल जाने के बाद क्रिकेटर रणजी ट्रॉफी के बजाय आईपीएल को प्राथमिकता देते हैं. बहरहाल, सोशल मीडिया पर मनोज तिवारी का बयान तेजी से वायरल हो रहा है. इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी बात रख रहे हैं।

### भारत के लिए 12 वनडे खेल चुके हैं मनोज

मनोज तिवारी ने 12 वनडे मैचों के अलावा 3 टी20 मैचों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है. मनोज तिवारी ने 12 वनडे मैचों में 23.92 की एवरेज और 71.22 की स्ट्राइक रेट से 287 रन बनाए. वनडे फॉर्मेट में मनोज तिवारी के नाम 1 शतक और 1 अर्धशतक दर्ज है. वहीं, मनोज तिवारी ने 3 इंटरनेशनल टी20 मैचों में 15 की एवरेज और 88.24 की स्ट्राइक रेट से 15 रन बनाए. इसके अलावा मनोज तिवारी ने आईपीएल के 98 मुकाबले खेल चुके हैं।

### इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत 2-1 से आगे

# सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा

**रांची, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत 2-1 से आगे है। सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा। इसे जीतते ही भारत अंग्रेजों के खिलाफ लगातार तीसरी होम सीरीज जीत लेगा। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल इस मुकाबले में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे। सिलेक्टर्स ने मुकेश कुमार को टीम में शामिल किया है। सीरीज के अहम मुकाबले में जसप्रीत बुमराह की जगह कौन लेगा और भारत की प्लेइंग-11 क्या होगी, आगे जानने की कोशिश करते हैं। सिलेक्टर्स ने बुमराह को आराम दिया है, तो प्लेइंग-11 में चेंज की दो कंडीशन बनती दिख रही हैं। सिराज के साथ 4 स्पिनर्स, अक्षर की वापसी संभव बुमराह की गैरमौजूदगी में रांची की पिच स्पिन फ्रेंडली होने पर भारतीय टीम 4 स्पिनर और एक तेज गेंदबाज के साथ उतर सकती है। ऐसे में जडेजा, कुलदीप और अश्विन के साथ अक्षर पटेल को टीम में लाया जाएगा और मोहम्मद सिराज को पेसर के तौर पर रखा जाएगा। सामान्य पिच = 2 पेसर उतर सकते हैं; मुकेश की वापसी या आकाश का डेब्यू भी संभव यदि रांची की पिच दूसरे और तीसरे मुकाबले के जैसी रही, तो भारतीय टीम को 2 तेज गेंदबाज के साथ उतरेगी। सिराज के साथ मुकेश कुमार तेज गेंदबाजी की कमान संभाल सकते हैं। या फिर युवा आकाश दीप को भी डेब्यू कराया जा सकता है। भारतीय टीम का टॉप ऑर्डर अच्छा कर रहा था। पिछले मुकाबले में कप्तान रोहित शर्मा (131 रन), यशस्वी जायसवाल (214 रन) ने पारियां खेली थीं। गिल ने भी 91 रन का योगदान दिया था। मिडिल ऑर्डर में रजत पाटीदार को छो?कर सरफराज खान ने दो अर्धशतक समेत 130 रन बनाए, जबकि रवींद्र जडेजा (112 रन) ने शतक जमाया।

### सरफराज खान ने रोजाना नेट्स पर 500 गेंदे खेलीं

**नईदिल्ली,एजेंसी।** सरफराज खान ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू टेस्ट की दोनों इंनिंग्स में अर्धशतक लगाए। उन्होंने इस दौरान स्पिनरों का शानदार तरीके से सामना किया। यह उनके और उनके पिता नौशाद खान के 15 साल की कड़ी मेहनत का रिजल्ट था। सरफराज ने पिता नौशाद खान की निगरानी में रोजाना नेट्स पर 500 गेंदे खेलीं। सरफराज ने डेब्यू मैच में स्पिनर्स का सामना आसानी से जरूर किया, लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत की है। मुंबई में सरफराज को करीब से देखने वाले कोच ने कहा, सरफराज ने मुंबई में आजाद मैदान, क्रॉस और ओवल में ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनर्स के रोजाना 500 गेंदों का सामना किया।

### फुटबॉल स्पेनिश ला लीगा: एलेजांद्रो ने दागे दो गोल, गिरोना के लिए विक्टर ने किया गोल

# एथलेटिक बिलबाओ ने गिरोना को 3-2 से हराया

**मैड्रिड, एजेंसी**

एथलेटिक बिलबाओ ने सैन मैम्स स्टेडियम में 3-2 की रोमांचक घरेलू जीत के साथ गिरोना की ला लीगा खिताब की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया. लगातार सातवीं घरेलू जीत से एथलेटिक बिलबाओ के पास शीर्ष चार में जगह बनाने का मौका है।

एथलेटिक बिलबाओ ने सैन मैम्स स्टेडियम में 3-2 की रोमांचक घरेलू जीत के साथ गिरोना की ला लीगा खिताब की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया. लगातार सातवीं घरेलू जीत से एथलेटिक बिलबाओ के पास शीर्ष चार में जगह बनाने का मौका है. गिरोना अब शीर्ष पर चल रहे रियल मैड्रिड से छह अंक पीछे है जबकि, एथलेटिक बिलबाओ पांचवे स्थान पर एटलेटिको मैड्रिड से दो अंक पीछे है. घरेलू टीम के लिए एलेक्स ने दो गोल और इनाकी विलियम्स ने एक गोल किया, जबकि विक्टर त्सिहानकोव और एरिक गार्सिया ने मेहमान टीम के लिए गोल किया. मैच में शुरुआत से ही एथलेटिक बिलबाओ ने अपना दबदबा बनाया




क्योंकि एलेक्स ने मैच के दूसरे मिनट में ही अपनी टीम को बढ़त दिलाई. इसके बाद दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई और आखिरकार 49वें मिनट में विक्टर के गोल की मदद से गिरोना ने 1-1 से बराबरी की. लेकिन इसके कुछ देर बाद ही एलेक्स ने 56वें मिनट में अपना और टीम का दूसरा गोल दागा. फिर, विलियम्स ने बिलबाओ की बढ़त को और बढ़ाते हुए मैच के 60वे मिनट में तीसरा गोल दागा। इसके बाद गार्सिया ने 75वें मिनट में गिरोना के लिए गोल किया. हालांकि, इसके बाद मैच के अंतिम क्षणों में दोनों टीमें गोल करने में सफल नहीं हुई और एथलेटिक बिलबाओ ने 3-2 से यह मुकाबला अपने नाम किया।



## मेट्रो बाजार

# हिंडाल्को सब्सिडियरी लाएगी आईपीओ, कंपनी के शेयर में आया उछाल

**मुंबई, एजेंसी**

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने नोवेलिस इंक को खरीदने के लिए भारी भरकम निवेश किया था. आईपीओ की जानकारी सामने आने के बाद निवेशकों में हिंडाल्को के शेयर को लेकर उत्साह देखा जा रहा है. आदित्य बिरला ग्रुप के हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की अमेरिकी सब्सिडियरी नोवेलिस इंक ने आईपीओ लाने के लिए आवेदन दिया है. कंपनी ने आईपीओ दस्तावेज अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन को सौंप दिए हैं. आईपीओ लाने के बाद नोवेलिस उन चंद भारतीय कंपनियों की लिस्ट में शामिल हो जाएगी, जिनकी सब्सिडियरी विदेशी मार्केट्स पर लिस्टेड हैं।



### नोवेलिस इंक ने जमा किए आईपीओ पेपर

अटलांटा स्थित नोवेलिस इंक ने आईपीओ पेपर जमा करने की जानकारी दी. आईपीओ के लिए नोवेलिस के शेयरहोल्डर्स कॉमन शेयर जारी करेंगे. इनकी बिक्री से कंपनी को कुछ भी नहीं मिलेगा. कंपनी ने फिलहाल यह नहीं बताया कि कितनी हिस्सेदारी आईपीओ के जरिए मार्केट में उपलब्ध कराई जाएगी. एसईसी द्वारा पेपर्स का रिव्यु कर लेने के बाद मार्केट की स्थिति और अन्य चीजों पर गौर करने के बाद आईपीओ पर अंतिम फैसला लिया जाएगा. नोवेलिस इंक ने इस फैसले की जानकारी भारतीय स्टॉक मार्केट बंद होने के बाद दी थी. बुधवार सुबह बाजार खुलने के बाद हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर हरे निशान के साथ खुले. कंपनी के शेयर ऊपर चढ़कर 523.15 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे. मंगलवार शाम को कंपनी के शेयर 511 रुपये पर बंद हुए थे. हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की कुल मार्केट वैल्यू 1.15 ट्रिलियन रुपये से ज्यादा हो गई है. हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने नोवेलिस इंक को साल 2007 में 6 अरब डॉलर में खरीदा था. यह किसी भारतीय कंपनी द्वारा किए गए बड़े विदेशी अधिग्रहणों में शामिल है. बाद में साल 2020 में नोवेलिस ने 2.8 अरब डॉलर में अमेरिकी कंपनी अलेरिस कॉर्प का अधिग्रहण कर लिया था. नोवेलिस इंक की मार्केट वैल्यू लगभग 9.7 अरब डॉलर आंकी गई है।

# प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन जारी रहेगा: दो दिन में 40 फीसदी भाव बढ़े तो केंद्र सरकार ने कन्फ्यूजन दूर किया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन जारी रहेगा। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने उन खबरों का खंडन किया है, जिसमें कहा जा रहा था कि प्याज के एक्सपोर्ट पर लगी रोक को हटा दिया गया है। प्याज के निर्यात पर बैन हटाने की झूठी खबरों के बाद देश की सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी, लासलगांव में 19 फरवरी को इसका थोक बिक्री मूल्य 40.62 फीसदी बढ़कर 1,800 रुपए प्रति क्विंटल हो गया, जो 17 फरवरी को 1,280 रुपए प्रति क्विंटल था। सिंह ने कहा प्याज के एक्सपोर्ट पर बैन नहीं हटाया गया है। ये प्रतिबंध लागू है और स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कंज्यूमर्स को उचित मूल्य पर प्याज उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए इसके निर्यात पर पहले से घोषित समय सीमा 31 मार्च 2024 की तक बैन जारी रहेगा। केंद्र सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों के बीच 8 दिसंबर 2023 को प्याज के एक्सपोर्ट पर रोक लगा दी थी। चुनाव तक प्याज पर बैन जारी रह सकता है।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

### बेटी राशा को पसंद नहीं रवीना का रील्स बनाना, एक्ट्रेस बोलीं-

# 'वॉव' ट्रेंड वाली वीडियो डिलीट करवाना चाहती थीं



रवीना टंडन अपनी वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' के चलते काफी समय से चर्चा में रहीं। हाल ही एक इंटरव्यू में रवीना ने बेटी राशा थडानी के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि राशा का मां रवीना का रील बनाना पसंद नहीं है। उन्होंने कहा- अगर इंस्टाग्राम की बात करें, तो मैं इसमें बहुत बेकार हूं और मुझे इसके बारे में कुछ भी नहीं पता है। मैं रील्स बनाते हुए वाकई बहुत गलतियां करती हूं। जब मेरी टीम मुझसे रील पोस्ट करने के लिए कहती है, तो मैं कोई मजेदार रील सिलेक्ट करती हूं, क्योंकि मुझे ऐसी ही रील्स पसंद आती हैं।

### 'जस्ट लुकिंग लाइक आ वॉव' ट्रेंड पर रवीना ने बनाई थी रील

रवीना ने कहा- मैं एक एक्टर हूं, लेकिन ज्यादा कुछ सोचे बिना मैं इस तरह की रील्स बनाती हूं। तब मेरी बेटी राशा मुझसे कहती हैं- मम्मा, आप ये रील्स नहीं बना सकतीं, ये अच्छी नहीं हैं। हालांकि, मुझे रील्स बहुत पसंद आती हैं। रवीना ने आगे बताया कि कुछ महीने पहले जब 'जस्ट लुकिंग लाइक आ वॉव' ट्रेंड चला था तो मैंने भी इस पर रील बनाई थी। वो रील राशा को पसंद नहीं आई और उन्होंने मुझे इंस्टाग्राम से हटाने के लिए कहा। हालांकि, तभी इस ट्रेंड पर दीपिका ने भी रील बनाई। मैंने राशा को दीपिका का रील भेजा और कहा- देखो, हर कोई इसे बना रहा है, सिर्फ इसलिए कि दीपिका ने इसे बनाया तो ये फेमस है। जब मैंने इसे बनाया था, तो यह खराब था? रवीना मे कहा- मुझे ऐसी मजेदार रील्स बनाने में बहुत मजा आता है। मैं हमेशा रील्स नहीं बनाती हूं। जब कोई रील इतनी मजेदार हो कि मैं हंसते-हंसते गिर जाऊं, तो मुझे लगता है कि मुझे ये बनाना चाहिए। रवीना को आखिरी बार वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग में देखा गया था। वहीं राशा थडानी अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन के साथ बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं। फिल्म का डायरेक्शन अभिषेक कपूर करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये एक्शन-एडवेंचर फिल्म फरवरी 2024 में रिलीज होगी।

### कार्तिक क्रिएटर्स यूनाइटेड 2.0 का होंगे मुख्य आकर्षण



महाराष्ट्र सरकार द्वारा आयोजित क्रिएटर्स यूनाइटेड 2024 की तैयारी जोर-शोर से जारी है। इस साल इस कार्यक्रम में बॉलीवुड के टॉप स्टार में कार्तिक आर्यन कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होंगे। कार्तिक क्रिएटर्स यूनाइटेड के दूसरे सीजन में अपना जलवा बिखेरेंगे। गौरतलब है कि भारत में क्रिएटर्स इकोनॉमी तेजी से फैल रही है, जो लोगों के मनोरंजन और सोशल मीडिया के इस्तेमाल करने के तरीके में तेजी से बदलाव ला रहा है। यह सिर्फ आंकड़ों में ही नहीं बल्कि लोगों के जीवन में नए-नए विचारो और विभिन्न प्रकार से कही जा रही कहानियों में भी देखने को मिल रहा है।

# 'डॉन 3' में कियारा की एंट्री, रणवीर सिंह निभाएंगे 'डॉन' का किरदार

'डॉन 3' के मेकर्स ने फिल्म की लीड एक्ट्रेस की अनाउंसमेंट कर दी है। फरहान अख्तर और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया। कियारा आडवाणी को टैग करके कैप्शन लिखा- डॉन यूनिवर्स @kiaraaliaadvani में आपका स्वागत है। डॉन फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म डॉन 3 में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह डॉन का किरदार निभाते नजर आएंगे। वहीं अब मेकर्स ने प्रियंका चोपड़ा की जगह कियारा आडवाणी को फिल्म में रणवीर के अपोजिट कास्ट करने का डिसिजन अनाउंस कर दिया है। इस फिल्म के डायरेक्टर फरहान अख्तर होंगे।

*फिल्म की अनाउंसमेंट के बाद से ही रणवीर सिंह, शाहरुख खान को रिप्लेस करने को लेकर ट्रोल होना शुरू हो गए थे। इससे पहले एक इंटरव्यू में फरहान ने रणवीर की साइड लेते हुए उन्हें सपोर्ट किया था। उन्होंने कहा था कि रणवीर कमाल हैं और इस पार्ट के लिए बेस्ट हैं वो भी आप लोगों की तरह ही एक्साइटेड और नर्वस है...*



### शाहरुख की जगह रणवीर सिंह को किया कास्ट

एक इंटरव्यू में फरहान ने कहा कि वो 'डॉन-3' की कहानी को एक दिशा देना चाहते थे। हालांकि इसकी कहानी पर वो और इस सीरीज के पिछले दो पार्ट में लीड एक्टर रहे शाहरुख खान सहमत नहीं थे। यही वजह रही कि फरहान ने फिल्म से शाहरुख को हटाकर रणवीर के साथ काम करने का फैसला किया। फरहान ने कहा- मैं इस पोजिशन में हूं ही नहीं कि किसी को रिप्लेस कर सकूं। हम सालों से इन चीजों पर चर्चा कर रहे थे। मैं स्टोरी को जिस डायरेक्शन में ले जाना चाहता था उस पर मैं और शाहरुख सहमत नहीं थे। इसके बाद हमने आपस में बात करके अलग होने का फैसला किया। हमें लगा कि इस सीरीज के लिए यही बेहतर होगा।

### रणवीर सिंह ने ट्रोल करने वालों को जवाब दिया था

हालांकि रणवीर सिंह ने भी ट्रोल करने वालों को जवाब दिया था। एक इंटरव्यू में शाहरुख खान को रिप्लेस करने के सवाल में रणवीर सिंह ने कहा था- बदलाव तो स्वाभाविक है, सिनेमा के इतिहास में पहले भी ऐसा हो चुका है। जब बॉन्ड फ्रेंचाइजी में डैनियल क्रेग को लाया गया था, तब भी ये चर्चा हुई थी। इसके आगे एक्टर ने डॉन 3 के बारे में कहा कि ये हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी है, इसकी कमान मुझे सौपना एक बड़ी बात है। मैं इसमें अपना बेस्ट देने की कोशिश करूंगा।

# सुसाइड करने से पहले इंस्टाग्राम पर की पोस्ट, लिखा था- *सुसाइड कर रहा हूं..*

## कटारा हिल्स गौरीशंकर आवासीय परिसर में युवक ने की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित गौरीशंकर आवासीय परिसर में एलआईजी 11 में रहने वाले वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश परिजन ने सोमवार सुबह करीब सवा सात बजे के आसपास दुपट्टे के फंदे के सहारे सिलिंग फेन के हुक में लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह बात सामने आई कि युवक ने प्रेम प्रसंग में आत्महत्या का कदम उठाया है। तीन दिन पहले उसने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी डाली थी, जिसमें उसने आत्महत्या की बात लिखी थी। परिचितों की माने तो उन्हें विश्वास नहीं था कि वह पोस्ट डालने के बाद सही में आत्महत्या कर लेगा।




एसआई शिवबाबू त्रिपाठी ने बताया कि अभिषेक पिता पप्पू धौलपुरिया (18) एलआईजी 11/408 में अपने नाना नानी के साथ रह रहा था। दरअसल, अभिषेक की मां की शादी गुना में हुई थी। पिता ने मां को छोड़ दिया और मां यहां मायके में बेटी शिवानी और बेटे अभिषेक के साथ रहने लगी थी। कुछ समय पहले मां भी बच्चों को छोड़कर चली गई और नाना नानी ने बच्चों की परवरिश की थी। नाना नानी शिवानी की शादी कर चुके हैं। अभिषेक फिलहाल कोई काम काज नहीं कर रहा था। वह घर पर ही रहता था। शिवानी भी ससुराल से आई हुई है। शिवानी ने बताया कि रात में करीब एक बजे अभिषेक अपने कमरे में सोने के लिए चले गया था। सभी लोग सो रहे थे। सुबह करीब सवा 7 बजे शिवानी की नींद खुली तो उसने भाई को फांसी के फंदे पर लटका देखा। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस उसके सोशल मीडिया अकाउंट की जांच कर रही है।

## फांसी लगाकर नवविवाहिता ने की आत्मत्या, पति व सास पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



**मरने से पूर्व बहन को वाट्सएप पर भेजा था सुसाइड नोट**

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित गैलेक्सी सिटी फेस टू में गत 26 जनवरी की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली महिला के पति और सास के खिलाफ पुलिस ने दहेज प्रताड़ना, आत्महत्या के लिए उकसाने समेत दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मृतिका ने एक सुसाइड नोट अपनी बहन को वाट्सएप पर भेजा था। सुसाइड नोट के आधार पर मृतिका के मायके पक्ष से पूछताछ की गई तो पता चला कि उसे दहेज के लिए पति और सास द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार शुषमा गोंड पति आशीष गोंड (30) सी -17, गैलेक्सी सिटी फेस टू में रहती थी। उसकी शादी छह साल कुछ महीने पूर्व हुईड़थी। गत 26 जनवरी को शुषमा ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। नव विवाहिता होने के कारण मर्ग जांच एसीपी द्वारा की गई। उस समय पुलिस को घटनास्थल का निरीक्षण करने पर सुसाइड नोट नहीं मिला था, लेकिन मृतिका के मायके पक्ष के बयान हुए और मृतिका की बहन ने पुलिस को वाट्सएप चेटिंग और शुषमा द्वारा भेजा गया एक सुसाइड नोट दिखाया था। सुसाइड नोट में शुषमा ने पति आशीष गोंड और सास रामरति बाई द्वारा प्रताड़ित किए जाने की बात लिखी थी।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित जल सेवा शांति नगर में बीती रात एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे। पुलिस के अनुसार मोहर सिंह लोधी पिता हजारी लाल लोधी (30) जलसेवा शांति नगर, निशातपुरा में रहने वाले सलीम भाई के मकान में किराए से रहता था। उसके साथ उसकी पत्नी मनीषा लोधी भी रहती थी। मनीषा ने बताया कि मोहर सिंह प्राइवेट काम करते थे। कल रात करीब सवा 9 बजे के आसपास मोहर सिंह ने अपना कमरा अंदर से बंद कर लिया। काफी आवाज देने के बाद भी कमरा नहीं खुला तो मनीषा ने अपने भाई चार्ली राजा लोधी को घटना की जानकारी दी थी। वह घर पहुंची और दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन अंदर से दरवाजा नहीं खुला। बहन भाई ने खिड़की से झांककर देखा तो उन्हें मोहर सिंह की लाश फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तुड़वाकर मोहर सिंह की लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है।

### इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से मिला चोरों का सुराग

# पुलिस के हत्थे चढ़ा वाहन चोर गिरोह, 7 लाख के 9 दोपहिया वाहन बरामद



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**राजधानी की बैरसिया थाना पुलिस ने चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के 7 लाख रुपये कीमत के कुल 9 दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। पकड़े गए बदमाशों से वाहन चोरी की अन्य घटनाओं को लेकर पूछताछ की जा रही है।**

पुलिस के मुताबिक बैरसिया के शांति कुंज और बसई स्थित सूने मकानों के ताले तोड़कर चोर मोटर सायकिलें चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोपियों की तलाश में मुखबिरों को सक्रिय करने के साथ ही इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए गए। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक चोरी की बाइकों के साथ इलाके में देखे गए हैं। सूचना के बाद सक्रिय पुलिस टीम ने दोनों संदेहियों को हिरासत में लिया तो उन्होंने दोनों बाइक चोरी की होना बताया। आगे पूछताछ में उन्होंने अपने दो अन्य साथियों की जानकारी दी। पुलिस ने साथियों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की तो चारों के कब्जे से चोरी के कुल 9 दोपहिया वाहन बरामद हुए।

**गिरफ्तार वाहन चोरों का विवरण:** पुलिस ने इस मामले में देवा उर्फ देवराज गुर्जर (20) और समंदर सिंह गुर्जर (22) दोनों निवासी ग्राम जूनापानी थाना बैरसिया, आकाश गुर्जर (22) निवासी ग्राम बलोडिया थाना झागरिया जिला सीहोर और आनंद दांगी (21) निवासी ग्राम सौंठी थाना श्यामपुर जिला सीहोर को गिरफ्तार किया है। बदमाशों से बरामद हुए चोरी की बाइकों के रजिस्ट्रेशन नंबर, इंजन और चैसिस नंबर से उनके मालिकों का पता लगाया जा रहा है।

## निशातपुरा में बोलेरो जीप की स्टेपनी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना



निशातपुरा इलाके में शादी हाल के सामने खड़ी बोलेरो जीप की स्टेपनी चोरी हो गई। यह वारदात इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने शिकायती आवेदन लिया है, लेकिन फिलहाल रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई है। इधर टीटी नगर इलाके में भी एक कार का पहिया चोरी हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार रतन कालोनी करोंद निवासी संजीव तिवारी ने बीती 16 फरवरी को अपनी बोलेरो जीप कर्मा शादी हाल के सामने खड़ी की थी। अगली सुबह देखा तो जीप की स्टेपनी गायब थी। उन्होंने जब इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पता चला कि 16 फरवरी की सुबह करीब साड़े पांच बजे एक कार उनकी जीप के पास आकर रुकी। कार से एक युवक उतरा और उसने स्टेपनी खोलकर निकाली और कार में रख ली। उसके बाद कार में बैठकर वहां से चला गया। फुटेज में कार का मॉडल और नंबर नहीं दिखाई दिया है। कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण संजीव दो दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कराने निशातपुरा थाने पहुंचे तो पुलिस ने उनसे शिकायती आवेदन ले लिया। इधर टीटी नगर थानांतर्गत पीडब्ल्यूडी क्वार्टर के सामने खड़ी कुनाल दिल्लार की कार का पहिया चोरी हो गया। चोरी गए पहिये की कीमत बारह हजार रुपये बताई गई है। यह घटना की बीत बीती सोलह फरवरी की रात की बताई गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वीआईपी रोड के किनारे लगे सौर ऊर्जा संयंत्र की केबल काट ले गए बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोहेफिजा थानांतर्गत वीआईपी रोड पर तालाब के किनारे लगे सौर ऊर्जा संयंत्र की केबिल वायर बदमाश चोरी कर ले गए। कई दिनों तक तलाश करने के बाद भी जब केबिल का कुछ पता नहींचला तो कंपनी के टेक्नीशियन ने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस के मुताबिक अनिल कुमार (27) शिवाय काम्पलेक्स, गुलमोहर कालोनी शाहपुरा में रहते हैं और निजी कंपनी में टेक्नीशियन का काम करते हैं। अनिल ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी माधव इन्फ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड का सौर ऊर्जा वाला 500 किलोवाट क्षमता वाला प्रोजेक्ट बड़े तालाब के किनारे लगा है। इसमें चार एमएम की डीसी केबिल डली हुई है। पिछले महीने आठ जनवरी को उन्होंने चैक किया तो सभी कुछ ठीकठाक था।

बीस जनवरी को निरीक्षण के दौरान इनबेटर क्रमांक पांच और बाईस जनवरी को इनबेटर क्रमांक तीन एवं चार की केबिल चोरी हो चुकी थी। इसकी जानकारी उन्होंने कंपनी के अधिकारियों को दी थी। कई दिनों की तलाश के बाद भी जब केबिल का कुछ पता नहीं चला तो थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## महिला अधिवक्ता को भेजे अश्लील मैसेज, मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोहेफिजा पुलिस ने एक महिला अधिवक्ता की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। आरोपी पिछले काफी समय से अधिवक्ता को गंदे और अभद्र मैसेज भेज रहा था। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 35 वर्षीय युवती अधिवक्ता है। पुलिस को शिकायत करते हुए अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2020 से अनजान व्यक्ति उनके मोबाइल फोन पर आपत्तिजनक और गंदे मैसेज भेज रहा था। जब उन्होंने उसका नंबर ब्लाक किया तो वह टेक्स्ट मैसेज भेजने लगा। पिछले कुछ दिनों से वह लगातार मैसेज भेज रहा था, इसलिए परेशान होकर उन्होंने शिकायत कर कर दी। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है।

## खेत में मृत मिले बुजुर्ग की नहीं हो सकी शिनाख्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित पचोरी पेट्रोल पंप के पीछे खेत में मिले बुजुर्ग का शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। शव करीब दस से बारह घंटे पुराना होने के कारण खेत की चीटियां शव को खाने लगी थी। मृतक के पास ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला था कि जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस का कहना है कि खेत के पास ही क्रेशर जाने के लिए रास्ता बना हुआ है। अनुमान है कि मृतक क्रेशर में काम करने वाला या फिर काम करने वाले का रिश्तेदार हो सकता है। उसकी उम्र करीब 55 साल के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस इलाके में मृतक का हुलिया दिखाकर उसकी शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।




**मेट्रो एंकर** परिजन को कुएं में दिखी मृतक की टोपी, तलाश की तो लाश भी मिली

# घर के पास कुएं में गिरने से किसान की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित खामखेड़ा में कल दोपहर कुएं में गिरने से एक किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। प्रारंभिक जांच में मामला हादसा नजर आ रहा है। पुलिस के अनुसार राहुल अहिरवार गांव खामखेड़ा ईंटखेड़ी में रहता है। उसका घर खेत में ही बना है। घर से थोड़ी दूरी पर कुआ है। राहुल ने पुलिस को बताया कि कल दोपहर वह परिवार के साथ घर पर था, जबकि उसके 52 साल के पिता सीताराम अहिरवार खेत में काम कर रहे थे। शाम तक पिता घर नहीं आए तो परिजन ने सीताराम की तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। अनहोनी की आशंका होने पर परिजन ने कुएं में झाककर देखा तो सीताराम की टोपी कुएं में नजर आई। इसके बाद राहुल कुएं में उतरा और पानी में पिता की तलाश की। तलाश करने पर पिता की लाश पानी में मिल गई। किसी तरह सीताराम की लाश बाहर निकालने के बाद उसे लेकर परिजन अस्तपाल पहुंचे। परिजन को उम्मीद थी कि सीताराम की जान बच जाएगी, लेकिन डॉक्टर ने बताया कि सीताराम की काफी देर पहले मौत हो चुकी है। परिजन सीताराम का शव घर ले आए और अंतिम संस्कार की तैयारियां करने लगे। इसी बीच किसी ने बताया कि पुलिस को सूचना देनी पड़ेगी। लिहाजा परिजन ने पुलिस को सूचना दी। राहुल ने पुलिस को बताया कि दोपहर के समय कुएं में कुछ गिरने की आवाज आई थी, लेकिन उसने आवाज को नजरअंदाज कर दिया था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आरएन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022